दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 05 नवम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 317 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## बंगाल में एसआईआर का विरोध तेज
## सीएम ममता बनर्जी ने निकाला विशाल मार्च



**कोलकाता।** चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के फैसले का विरोध बढ़ता जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुलकर एसआईआर के विरोध में आ गए हैं। सीएम ममता बनर्जी ने एसआईआर के विरोध में कोलकाता में एक विशाल मार्च निकाला। वहीं, अब एसआईआर के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान विरोध की खबर सामने आई है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, कर्मचारी ड्यूटी के घंटों और सुरक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

चुनाव आयोग ने हाल ही में जानकारी दी थी कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दूसरे चरण का आयोजन पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया जाएगा, जहां अगले साल चुनाव होने है। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर तक चलेगी। मतदाता सूची का मसौदा 9 दिसंबर को जारी किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

दरअसल, कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न जिलों में एसआईआर के लिए अधिकारियों के प्रशिक्षण अभ्यास में शनिवार को व्यवधान देखा गया। जानकारी के मुताबिक, सरकारी कर्मचारियों ने आधिकारिक ड्यूटी की स्थिति और केंद्रीय सुरक्षा कवर सहित कई मांगें उठाईं है।

कई शिक्षकों, जो बीएलओ की ड्यूटी पर हैं, उनका आरोप है कि उनके स्कूल अधिकारियों ने उन्हें ट्रेनिंग अवधि के दौरान ₹एबसेंट₹ मार्क किया था। शिक्षकों ने मांग की है कि जिस दिन वे ट्रेनिंग के लिए उपस्थित हों, उन्हें ₹ड्यूटी पर₹ मार्क किया जाए। शिक्षकों ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान केंद्रीय सुरक्षा की भी मांग की है और चेतावनी दी है कि वे पर्याप्त सुरक्षा के बिना काम जारी नहीं रखेंगे। केंद्रीय सुरक्षा कवर नहीं मिलने पर महिला शिक्षकों ने शाम के बाद काम करने से इनकार कर दिया है।

बीएलओ के एक बड़े वर्ग ने ड्यूटी घंटों के बाद काम करने में असमर्थता का भी हवाला दिया है। वहीं, चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती क्योंकि कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है।

## गाजियाबाद में जल्द तैयार होगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम
## दिसंबर 2027 तक शुरू होंगे मैच, 55 हजार दर्शकों की क्षमता

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा स्टेडियम होगा जो पूरी तरह से राज्य के स्वामित्व में होगा। उम्मीद है कि दिसंबर 2027 तक यहां अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन शुरू हो जाएगा।



करीब आठ साल पहले 33 एकड़ भूमि पर शुरू हुई इस परियोजना की गति अब तेज हो गई है। वर्ष 2024 में तत्कालीन सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वी.के. सिंह ने स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया था। इस परियोजना की सीधी निगरानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को दी गई है।


यूपीसीए के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी के अनुसार, एफएआर और हाई टेंशन लाइन जैसी प्रमुख तकनीकी दिक्कतों को सुलझा लिया गया है। अब निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। स्टेडियम लगभग 33 एकड़ क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा और इसमें 50 से 55 हजार दर्शकों के बैठने की सुविधा होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह यूपीसीए का पहला पूर्ण स्वामित्व वाला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा। जीडीए के माध्यम से लगभग 80 करोड़ रुपये में जमीन खरीदी जा चुकी है, जबकि निर्माण पर करीब 400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। बाउंड्री वॉल का टेंडर पूरा हो गया है और अगले एक-दो महीनों में निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। लक्ष्य है कि दो वर्षों में स्टेडियम पूरी तरह तैयार हो जाए।


खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्टेडियम के बनने से न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खेल पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा स्टेडियम

स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इनमें फ्लडलाइट्स, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मीडिया सेंटर, वीआईपी लाउंज, रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स और मल्टी-लेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व पर लिखी पुस्तक 'व्यक्ति एक - प्रेरणाएं अनेक' का हुआ विमोचन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन मंगलवार को एचएलएम इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। यह पुस्तक स्वर्गीय विजय सेखरी के पुत्र तथा वरिष्ठ पत्रकार कमल सेखरी ने लिखी है। मंगलवार को स्वर्गीय विजय सेखरी की जयंती पर इस पुस्तक का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह में स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व, उनकी पत्रकारिता तथा उनके जीवन से जुड़े संस्मरणों को

शेष, पृष्ठ 8

## जल संचयन में गाजियाबाद का जलवा : देश में पांचवां, यूपी में दूसरा स्थान
## केंद्र सरकार ने दी बधाई, जल शक्ति मंत्रालय देगा 2 करोड़ का पुरस्कार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जल संरक्षण को लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने देशभर में एक नई पहचान बनाई है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी रैंकिंग में गाजियाबाद नगर निगम को देश में पांचवां और उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर मंत्रालय की अपर सचिव डी. थारा ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को पत्र लिखकर बधाई दी और उत्साहवर्धन किया। साथ ही जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 2 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। नगर आयुक्त के नेतृत्व में जलकल विभाग ने शहरभर में 11,406 जल संचयन संरचनाएँ तैयार की हैं, जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ तालाबों का जीर्णोद्धार भी शामिल है। निगम की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बनी है, बल्कि इसमें जनसहभागिता की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जलकल विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि शहरवासियों के सहयोग से संभव हुई है। निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि हर पार्क, भवन और संस्थान में जल संचयन व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो। जलकल महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि निगम सीमा में लगभग 140 तालाबों के पुनर्जीवन पर कार्य जारी है, जिससे आने वाले वर्षों में भूगर्भ जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।


> “गाजियाबाद नगर निगम की यह उपलब्धि पूरे शहर का गर्व है। टीम ने जल संचयन को जन आंदोलन का रूप दिया है। आने वाले समय में प्रत्येक वार्ड में वाटर हार्वेस्टिंग और तालाबों के संरक्षण को और गति दी जाएगी।
> — सुनीता दयाल, मेयर

> “हमारी प्राथमिकता जल संरक्षण और भूजल स्तर में सुधार है। 11,406 रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर और 140 तालाबों का पुर्नजीवन इसी दिशा में बड़ा कदम है। 2 करोड़ का यह पुरस्कार शहर के जल संचयन कार्यों को और सशक्त बनाएगा।
> — नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

## हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर विधायक संजीव शर्मा के पत्र पर शासन ने लिया संज्ञान
### विधायक ने कहा मुझ सहित सभी जनप्रतिनिधि मौजूद थे बैठक में श्रीमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि के मामले में अब शासन स्तर से भी पत्राचार शुरू हो गया है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री को भेजे गये इस पत्र का शासन ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने नगर विकास प्रमुख सचिव को ये पत्र भेजा है और लिखा है कि परीक्षण उपरान्त यथोचित कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है।





शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने इस पत्र में ये स्पष्ट कर दिया है कि जब नगर निगम के सदन में सम्पत्ति कर वृद्धि का ये प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ तो उस समय सदन में महापौर मौजूद थीं। भाजपा और विपक्ष के पार्षद मौजूद थे। पदेन सदस्यों के रूप में सांसद मौजूद थे, मंत्री मौजूद थे और विधायक मौजूद थे। सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ये प्रस्ताव निरस्त हुआ।

28 अक्टूबर को ये पत्र भेजा गया है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था और इसमें उन्होंने नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य निगम पार्षद नीरज गोयल के पत्र का हवाला दिया था। अपने पत्र के साथ पार्षद नीरज गोयल का पत्र भी संलग्न किया था। उसमें लिखा था कि इस पत्र के माध्यम से पार्षद ने अवगत कराया है कि गाजियाबाद नगर निगम के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा बढ़े सम्पत्ति कर को 30 जून 2025 को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे गये इस पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि जिस 30 जून की बैठक में कर वृद्धि के प्रस्ताव में सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया था उस बैठक में मेरी खुद की भी उपस्थिति रही है। परन्तु इस निर्णय पर अब तक क्रियान्वयन नहीं किया गया है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में लिखा कि आपसे अनुरोध है कि जनहित को देखते हुए बढ़े सम्पत्ति कर को निरस्त करवाने की कृपा करें। इसके लिए हम सभी आपके सदैव आभारी रहेंगे। विधायक संजीव शर्मा के इस पत्र पर शासन ने संज्ञान लिया है। अब इस मामले में निगम अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी है।

## समय आ गया गाजियाबाद का नाम बदल दिया जाए: गुरु पवन सिन्हा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देव दीपावली के मौके पर नमामि गंगे अभियान के तहत गंगा विचार मंच की ओर से गंग नहर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुरादनगर तट पर महा आरती का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक गुरु डॉक्टर पवन सिन्हा ने मां गंगा की आरती उतारी। इस मौके पर गंगा विचार मंच की ओर से गाजियाबाद का नाम परिवर्तन करने की मुख्यमंत्री से अपील की गई। गुरु पवन सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ऐतिहासिक और जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद का नाम गाजाप्रस्थ रखना की अपील की गई। आक्रांता के नाम पर गाजियाबाद का नाम रखा गया।

अब समय आ गया है कि इस शहर का नाम भी बदल दिया जाए। उन्होंने गंगा की अविरलता और गंगा जल के विशिष्ट गुणों का वर्णन किया। कार्यक्रम में रसम संस्था और पंडित दीनदयाल सेवा संस्थान की टीमों ने सहयोग किया। इस मौके पर रंगोली, हवन पूजन, बड़े अक्षरों से गंगा उत्सव दीप को लिखा गया और आतिशबाजी की गई। संगठन के प्रदेश संयोजक चंद्र प्रकाश चौहान, रवि कटारिया, उषा चंद्र, मनोज शर्मा, नमामि गंगे के सहसंयोजक राहुल चौहान, जय मित्तल, पंकज गोयल, मुकेश मित्तल, एडवोकेट संदीप त्यागी रसम, मंगल सिंह, विजय पवार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा महानगर टीम की घोषणा का मामला टलेगा अगले साल तक
## दीवाली बीत गयी, बैसाखी भी बीतेगी और संभावना बनेगी होली के बाद तक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में इन दिनों संगठन के लिहाज से अजीब स्थिति चल रही है। भाजपा ने अपने जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष घोषित कर दिये। भाजपा ने मंडल अध्यक्ष भी घोषित कर दिये मगर महानगर अध्यक्षों को उनकी टीम बनाने वाला सीन नहीं दिया है। अध्यक्ष नये हैं और टीम पुरानी है। इसी कहानी के साथ भाजपा का संगठन चल रहा है। पहले ये उम्मीद थी कि दीवाली से पहले महानगर टीम की घोषणा हो जायेगी, ये पता चल जायेगा कि कौन कौन से चेहरों को महामंत्री बनाया गया है और कौन कौन से चेहरों को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। दीवाली बीत गयी लेकिन टीम घोषित करने में अभी सीन हीला हवाली वाला ही चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि जो भी लोग महानगर टीम में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं तो वो इस बात से अपडेट रहें कि अगले साल ही नम्बर आयेगा। वो भी साल के शुरू में नहीं आयेगा बल्कि होली के बाद ही आयेगा। पार्टी के बड़े नेता इसके पीछे का लॉजिक बता रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के सामने टीमों की घोषणा से पहले बिहार का चुनाव है । बिहार चुनाव संपन्न होते ही पार्टी बंगाल चुनाव की तरफ मूव करेगी। बंगाल चुनाव से रिलैक्स होते ही भाजपा का कारंवा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की ओर बढ़ेगा। सूत्र बताते हैं कि पंचायत चुनावों के लिए परिसीमन मांग लिया गया है। पंचायत चुनाव में जुटे नेताओं को आदेश दे दिया गया है कि वो हर ब्लॉक में आने वाले वार्ड के परिसीमन की जानकारी दें। वो ये बतायें की उनके ब्लॉक में कितने वार्ड हैं और वार्ड का परिसीमन जरूर करायें। भाजपा पंचायत चुनावों को बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले रही है। उसके बड़े नेता ये कह चुके हैं कि पंचायत चुनाव में भाजपा भले ही सिम्बल पर नहीं आयेगी लेकिन वो अपने समर्पित उम्मीदवारों को लड़ायेगी।

संगठन से लेकर क्षेत्र के नेताओं को निर्देश दे दिये गये हैं। क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर निर्देश दे चुके हैं। ऐसे में चार महीने तक संगठन द्वारा टीम घोषित किये जाने की कोई संभावना नहीं है। लिहाजा ऐसे में ये कहा जा सकता है कि महानगर और जिले की टीम में स्थान पाने के लिए इंतजार कर रहे भाजपा नेताओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। ये इंतजार अगले साल तक करना होगा और एक हल्की संभावना दिसम्बर में घोषित होने की है लेकिन यहां प्रबल संभावना अगले साल और वो भी होली के आसपास होगी। इसकी वजह भी यही बताई जा रही है कि जब भाजपा ने आयोग वाली टीमों को एक्सटेंशन दे दिया तो फिर वो महानगर और जिले के टीमों के पदों को लेकर कोई टेंशन नहीं लेगी।

**सूत्र बताते हैं कि जो भी लोग महानगर टीम में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं तो वो इस बात से अपडेट रहें कि अगले साल के शुरू में नहीं आयेगा नंबर बल्कि होली के बाद ही आयेगा।**

### 2003 की वोटर लिस्ट को आधार बनाकर होगा काम

करंट क्राइम। चुनावों के साथ साथ भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को एसआईआर का काम सौंप दिया है। इसके जरिये भाजपा वोटर लिस्ट को अपडेट करेगी। ये कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है और इसे प्राथमिकता देते हुए भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। इनके साथ बीएलओ रहेंगे। वहीं अन्य दलों के बीएलओ भी इस अभियान में आयेंगे। खास बात ये है कि इस बार फार्म 6 नहीं भरना है। बताया जाता है कि 2003 की वोटर लिस्ट को आधार मानकर ये अभियान शुरू होगा। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को 2003 की वोटर लिस्ट भी भेजेगी ताकि कार्यकर्ताओं को ये अभियान समझने और काम करने में आसानी हो।

## पाबंदियों के बावजूद वायु प्रदूषण थम नहीं रहा, हवा का स्तर बेहद खराब श्रेणी में



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के चारों मुख्य वायु-मानिटरिंग स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर पर बनी हुई है। मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 325 दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 340 था। हालांकि एक्यूआई में मामूली गिरावट आई है पर हवा अब भी बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। इस दौरान लोनी क्षेत्र सबसे अधिक प्रदूषित पाया गया – वहां एक्यूआई 383 तक पहुंच गया।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, लोनी को छोड़कर बाकी तीन स्टेशनों पर सोमवार से एक्यूआई में गिरावट आई थी

शेष, पृष्ठ 6



# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भीषण रेल हादसा पैसेंजर-मालगाड़ी भिड़ीं, 6 की मौत, कई घायल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में छह की मौत और 12 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक कई लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा।

हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया।

कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 12 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल, रेस्क्यू जारी है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

रेलवे प्रशासन ने मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी मदद में जुटा हुआ है। इस हादसे की वजह से कई ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेन दूसरे रूट से अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं।

हादसे का कारण अज्ञात है। रेलवे की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। यह हादसा बिलासपुर कटनी रेल मार्ग पर हुआ है, जो की सबसे व्यस्ततम मार्ग है जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा कि इस हादसे की असली वजह क्या है।





### घायलों को कराया गया भर्ती

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई । मौके पर यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । रेलवे और जिला प्रशासन को मामले की सूचना दी गई, इसके बाद बचाव और राहत कार्य जारी है।

# बाराबंकी में कार की ट्रक से भिडंत में 8 लोगों की मौत, कार के उडे परखच्चे

## तेज रफ्तार बनी मौत की वजह



**बाराबंकी। करंट क्राइम।** एक बार फिर से तेज रफ्तार कई मौतों का कारण बनी है। बाराबंकी जिले में सोमवार को रात एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बाराबंकी के देवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतलूपुर गांव के पास हुई। हादसे पर मुख्यमंत्री ने दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, एक बिना नंबर की अर्टिगा कार की तेज रफ्तार से दौड रही थी। तभी सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार के परखच्चे उड गए। अस्पताल में भर्ती दो अन्य लोगों की भी बाद में मौत हो गई। इस तरह इस घटना में मरने वालों की संख्या 8 हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे का तुरंत संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने घायल हुए लोगों के समुचित उपचार के लिए भी निर्देश दिए। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके। चना मिलते ही जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

सोमवार देर रात करीब 10 बजे देवा-फतेहपुर मार्ग पर बिशुनपुर कस्बे के पास यह घटना घटी। कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को देवा सीएचसी में डॉक्टरों ने मृत ने घोषित किया। टक्कर के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाया गया है। जाम को खुलवाया।

### मृतक और घायलों की सूची

1. प्रदीप रस्तोगी
2. प्रदीप रस्तोगी की पत्नी माधुरी
3. पुत्र नितिन
4. पुत्र कृष्णा
5. चालक श्रीकांत
6. बालाजी
7. इंद्रकुमार मिश्र
8. विष्णु नाग

# महिला कार्यकर्ताओं से बोले पीएम मोदी

## 'बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी, इसमें कोई शक नहीं'



**बिहार।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान के आखिरी चरण में मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की महिला कार्यकताओं से बातचीत की। बीजेपी-एनडीए समर्थक मतदाताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। पीएम ने महिला कार्यकताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

यह बातचीत भारतीय जनता पार्टी की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला कार्यकताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बिहार चुनाव में 'जंगल राज' के समर्थकों को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़े।

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उनका सशक्तीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बिहार चुनाव में पहले चरण का प्रचार खत्म

## 18 जिलों की 121 सीटों पर 1314 प्रत्याशी मैदान में हैं।



**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हो रहा है। मंगलवार 4 नवंबर को शाम 5 बजे के बाद प्रचार बंद हो गया। अब जनसंपर्क का विकल्प रहेगा। चुनाव आयोग ने 16 सीटों और एक सीट के कुछ बूथों पर मतदान का समय घटाया है।


6 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए मंगलवार 4 नवंबर को शाम 5 बजे प्रचार थम गया है। जिन 18 जिलों में मतदान 6 नवंबर को है, वहां जनसभाएं अब नहीं हो सकेंगी। छोटी-मोटी सभा भी नहीं। अखबारों में विज्ञापन भी 5 और 6 नवंबर को नहीं आएंगे। आज शाम 5 बजे के बाद, अब विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रत्याशी 5 नवंबर की रात तक सिर्फ जनसंपर्क कर सकेंगे और उसमें वह मजमा जैसा भी नहीं लगा सकेंगे।

बिहार में पहले चरण मतदान के लिए गजट नोटिफिकेशन 10 अक्टूबर को जारी किया गया था। 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया हुई। दीपावली के दिन, 20 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख थी। पहले चरण के लिए 18 जिलों की 121 सीटों पर नामांकन हुआ। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर। इन 121 सीटों पर कुल 2496 नामांकन दाखिल हुए थे। जांच के क्रम में 1939 को वैध पाया गया। उनमें से 70 प्रत्याशियों ने नामांकन बाद में वापस ले लिया। इसके बाद, कई सेट में नामांकन की छंटनी करते हरेक प्रत्याशी के एक नामांकन को लिया गया तो प्रत्याशियों की कुल वास्तविक संख्या 1314 रह गई।

### प्रचार बंद और इधर चुनावकर्मियों की गतिविधि बढ़ी

दीपावली-छठ की छुट्टी के बीच राजनीतिक दलों का प्रचार किसी तरह चला, लेकिन छठ के बाद जब गति बढ़ी भी तो जनसभाओं और माइक के प्रचार पर ही सारा ध्यान रहा। होर्डिंग-बोर्ड-बैनर और पोस्टर वगैरह बहुत कम नजर आए। अब 6 नवंबर को मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। मतदान कर्मियों को आज इन सभी जिलों में ड्यूटी संबंधित कागजात लेने के लिए बुलाया गया। कल सभी मतदान कर्मी ईवीएम-वीवीपैट आदि लेंगे और रात में मतदान केंद्र पर पहुंच भी जाएंगे, ताकि 6 नवंबर को सुबह 5 बजे से मॉक पोल कराने के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू करा सकें। मतदान शुरू होने का समय आम तौर पर सुबह 7 बजे रखा गया है और वोटिंग खत्म होने का समय शाम 6 बजे है। कुछ सीटों पर यह समय 5 बजे शाम तक रखा गया है।

# दिल्ली में डेंगू से दो की मौत, अब तक 136 मामले दर्ज, MCD ने जारी की रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर निगम दिल्ली द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक रिपोर्टों के अनुसार, डेंगू ने एक बार फिर भयावह रूप ले लिया है। दिल्ली डेंगू से दो लोगों की मौत हो गई है।

वर्ष 2025 में अब तक दिल्ली में डेंगू के कुल 1136 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यह संख्या चिंताजनक है, खासकर जब इसमें दो मौतों की पुष्टि भी शामिल है। ये आंकड़े बताते हैं कि मच्छरों के पनपने और बीमारियों के फैलने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं, जिन पर तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता है।

### दिल्ली में डरा रहे डेंगू के आंकड़े

बीती 25 अक्तूबर को एमसीडी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, डेंगू के कुल 1066 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यानी बीमारी ने 1000 का आंकड़ा पार कर लिया है। मानसून के बाद के दो महीनों सितंबर और अक्तूबर में मामलों में सबसे तेज वृद्धि हुई है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकेत है।

डेंगू के सितंबर में 208 और अक्तूबर (25 अक्तूबर तक) में 307 नए केस दर्ज हुए। गत सप्ताह के दौरान डेंगू के 72 मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के बाद जमा पानी, अपर्याप्त सफाई और रोकथाम कार्यों में आई रुकावट इस बढ़ोतरी के मुख्य कारण हैं।

पिछले एक महीने से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में लगे फील्ड कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इस कारण घर-घर निरीक्षण, लार्वा जांच और एंटी-लार्वल स्प्रे अभियान पर सीधा असर पड़ा है। अक्तूबर का महीना डेंगू नियंत्रण के लिए सबसे अहम होता है, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति से निरीक्षण कार्य ठप हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्तूबर की तुलना में इस बार घरों की जांच और कानूनी कार्रवाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

# सीएम योगी सौंपेंगे माफिया मुख्तार से खाली कराई गई जमीन पर बने फ्लैट की चाबी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हजरतगंज के डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई जमीन पर बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट की चाबी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को सौंपेंगे। सीएम योगी डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे। यह फ्लैट सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के तहत बनाए गए हैं। इनकी कुल संख्या 72 हैं। इन फ्लैट्स की कीमत 10.70 लाख रुपये है, मंगलवार को लाटरी की प्रक्रिया संपन्न हुई।

### ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाए गए 72 फ्लैट

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश भर में अभियान चलाकर माफिया के कब्जे से अवैध भूमि को खाली कराया गया था। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप हजरतगंज के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया मुख्तार के कब्जे से अवैध जमीन को मुक्त कराया गया था। इसके सीएम योगी के निर्देश पर एलडीए की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गए।

डालीबाग में अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,322 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवास योजना लांच की। एलडीए वीसी ने बताया कि योजना में ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है। 20 मीटर चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये रखी गयी है।

योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यहां पर बाह्य विकास कार्य जैसे रोड और पार्क का निर्माण भी किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लॉटरी प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे।

### 8000 लोगों ने किया आवेदन

सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। सोमवार को पंजीकरण अवधि समाप्त होने तक लगभग 8000 लोगों ने पंजीकरण कराया।

# 2.5 करोड़ लोगों को घोर गरीबी से बाहर निकाला गया': वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नईदिल्ली।** वित्त मंत्री ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने करीब 2.5 करोड़ लोगों को घोर गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला है। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को दावा किया कि 2.5 करोड़ लोगों को घोर गरीबी से बाहर निकाला गया है। वित्त मंत्री ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आ रहा है और जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### भारत अपनी आर्थिक मजबूती के कारण अपने पैरों पर खड़ा

दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती के कारण ही अपने पैरों पर खड़ा है। उन्होंने कहा, जो बात हमें सचमुच अलग बनाती है, वह है 2014 में दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं और चौथी, और अब जल्द ही, संभवतः तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हमारी प्रगति।

### बैंकों की बैलेंस शीट में हुआ सुधार

उन्होंने आगे कहा कि सरकार 2.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सफल रही है। बैंकिंग क्षेत्र के संबंध में सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बैलेंस शीट में 7-8 साल पहले की दोहरी बैलेंस शीट की समस्या की तुलना में काफी सुधार हुआ है।

### सरकार राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करेगी: सीतारमण

वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए 4.4 प्रतिशत के महत्वाकांक्षी राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल कर लेगी। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत या 15.69 लाख करोड़ रुपये होगा।

# 10 वर्षों से एक ही जगह तैनात रहे यूपी के डीएसपी ने बनाई 100 करोड की संपत्ति

## निलंबित, विजिलेंस जांच का आदेश



**कानपुर। करंट क्राइम।** एक डीएसपी के कारनामों से यूपी पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार की रोकथाम और छवि को गहरा झटका लगा है। कानपुर नगर में लंबे समय तक तैनात रहे डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला पर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

एसआईटी जांच में सामने आया है कि शुक्ला ने अपने परिवार, साझेदारों और करीबी साथियों के नाम पर करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति खड़ी की है। इनमें कई दुकानें भी शामिल हैं। ये दुकानें सहयोगी देवेंद्र दुबे के नाम पर बेनामी संपत्ति के रूप में दर्ज हैं। डीएसपी की संपत्ति का ब्यौरा सामने आने पर उसे निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, विजिलेंस जांच का आदेश दिया गया है।

ऋषिकांत शुक्ला वर्ष 1998 से 2006 तक और फिर दिसंबर 2006 से 2009 तक, यानी लगभग 10 वर्षों से अधिक समय तक कानपुर नगर में डीएसपी पद पर तैनात रहे। इस दौरान उनकी अखिलेश दुबे नामक व्यक्ति से नजदीकी और उसकी संपत्तियों में भागीदारी के आरोपों की जांच एसआईटी को सौंपी गई थी।

पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि अखिलेश दुबे ने शहर में एक गिरोह बनाकर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने, जबरन वसूली और जमीन कब्जाने जैसे अपराधों में लिप्त है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दुबे का कुछ पुलिस अधिकारियों, केडीए और अन्य विभागों से गठजोड़ है।

एसआईटी जांच रिपोर्ट में 12 संपत्तियों की बाजार कीमत करीब 92 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि अन्य तीन संपत्तियों के अभिलेख उपलब्ध नहीं हो सके हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन की ओर से शुक्ला के खिलाफ विजिलेंस जांच बैठाई गई। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में ऋषिकांत शुक्ला मैनपुरी जिले में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनात हैं।

# विधानसभा के विशेष सत्र में विकास पर हुई चर्चा सदन की कार्यवाही एक दिन और बढ़ी



**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित विधानसभा के विशेस सत्र का आज दूसरा दिन है। पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूक ने सदन को संबोधति किया था। आज सदन में 25 साल में हुए विकास कार्यों और आगामी 25 के विकास के रोड मैप पर चर्चा की जा रही है। सबसे पहले कांग्रेस नेता किशोर उपाध्यक्ष ने अपनी बात रखी। वहीं, देर शाम सदन की कार्यवाही को एक दिन और बढ़ दिया गया है। अब सदन बुधवार को भी चलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, प्रदेश सरकार संकल्प है कि उत्तराखंड को सशक्त, समृद्ध व आत्मनिर्भर राज्य बनाएंगे। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इस संकल्प को पूरा करने में सफल होंगे। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मैं अटल जी का समर्थक हूं। अंतरिम विधानसभा में कांग्रेस के दो ही सदस्य थे, मेरी माता और केसी बाबा। हमें गर्व होना चाहिए सबने मिलकर उत्तराखंड को संवारा। पहाड़-मैदान की बात करना गलत है। एनडी तिवारी ने अटल जी के साथ मिलकर सिडकुल की स्थापना की, जिससे आज भी लाखों परिवार पल रहे हैं।

सिडकुल की कंपनियों में टॉप पोस्ट पर 70% नहीं बमुश्किल 5% भी नहीं हैं। ये 70% का आरक्षण नीचे के पदों के लिए रखा गया है। हमारे बच्चे बाहर जा रहे हैं। अल्मोड़ा जैसे शहर में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है। वहां से हल्द्वानी आना पड़ता है। कहीं उपकरण नहीं, कहीं स्टाफ नहीं। हमें पहली सरकार से कुछ सीखना है। हमने पहली सरकार में सोर्सिंग की, आज आउटसोर्सिंग की जाती है। हमें सोर्सिंग पर जोर देना होगा। उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण पर सरकार सुप्रीम कोर्ट तक जा रही है। आउटसोर्सिंग की प्रथा ने रोजगार पर आघात लगाया है। अफसरशाही जनप्रतिनिधियों पर हावी हो रहे हैं। अगर यही करना है तो चुनाव क्यों कराते हैं। ये लोकतंत्र है। ये प्रदेश लिटिगेशन का बनता जा रहा है। इस बार सरकार के खिलाफ सभी संगठनों को कोर्ट जाना पड़ रहा है। राज्य आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण सही से नहीं हुआ। उनके लिए सरकार क्या कर रही है।

विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कहा कि आज हम सब संतोष में हैं क्योंकि सड़कें, बिजली, पानी जिनकी कभी अपेक्षा नहीं करते थे, वो पूरे हुए।

# महाराष्ट्र में 2 दिसंबर को होंगे निकाय चुनाव, 3 को आएंगे नतीजे, 1.7 करोड़ मतदाता करेंगे फैसला




**मुम्बई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे ने मंगलवार को बताया कि 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में 2 दिसंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 3 दिसंबर को की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निकायों में आचार संहिता लागू हो गई है।

वाघमारे ने आगे बताया कि इन चुनावों में 6,859 सदस्य और 288 अध्यक्ष पदों के लिए मतदान होगा। इस बार मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से कराया जाएगा। राज्य में कुल 1.7 करोड़ पात्र मतदाता हैं, जिनमें 53,79,931 पुरुष, 53,22,870 महिलाएं और 775 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### कितनी सीटें होंगी आरक्षित

मतदान के लिए 13,355 केंद्र बनाए जाएंगे, जबकि कुल वार्डों की संख्या 3,820 होगी। इनमें से 3,492 सीटें महिलाओं, 895 अनुसूचित जाति, 338 अनुसूचित जनजाति और 1,821 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं।

### प्रक्रिया और नामांकन की समयसीमा

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर तय की गई है। 18 नवंबर को उनकी जांच होगी, जबकि 21 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। प्रत्याशियों की अंतिम सूची और चुनाव चिह्नों की घोषणा 26 नवंबर को की जाएगी। वाघमारे ने बताया कि मतदान 1 जुलाई 2025 की मतदाता सूची के आधार पर कराया जाएगा, जिसे अक्तूबर तक बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूरी करनी होगी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# व्यापार मंडल के नेता की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा निगम का दस्ता

## खोखों को लेकर चल रहा है पहले से ही विरोध और तीन दिन पहले दर्ज हुई है एफआईआर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के बीच बाजार में इन दिनों सीन टकरार का चल रहा है। दरअसल यहां पूरा मामला पक्की दुकानों और उनके सामने रखे खोखों के बीच का आ गया है। एक व्यापार मंडल का नेता इन खोखों को अंदरखाने बेच रहा है और डासना मसूरी के एक समुदाय के कुछ लोग इन खोखों को खरीद रहे हैं। खोखे के लिए कीमत भी खोखे के आस-पास बताई जा रही है। वो यहां धीर-धीरे संडे बाजार वाली परिपाटी स्थापित करना चाहते हैं। वहीं व्यापार मंडल के एक दूसरे गुट ने खोखे बाजी का विरोध किया है। तीन दिन पहले भी यहां हंगामा हुआ था और सड़क किनारे ड्राईफ्रूट बेचने वाली महिलाओं और उनके परिजनों ने एक यहां एक गुट के कारोबारी के प्रतिष्ठान पर हमला किया था। ये पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। मंगलवार को जब बाजार की साप्ताहिक बंदी थी तो यहां नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता बाजार में पहुंचा। अनाज मंडी में ये कब्जा हटाया जाना था। हालाकि निगम सूत्र बता रहे हैं कि मामल अतिक्रमण हटाने का नहीं था और यहां नालों की सफाई के लिए दस्ता पहुंचा था। नालों पर अतिक्रमण है और ये सफाई में बाधक बन रहा है। अतिक्रमण हटाने के चक्कर में दो खोखे क्षतिग्रस्त हो गये। इसके बाद हंगामा हुआ। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय पार्षद राजीव शर्मा मौके पर पहुंचे और यहां मौजूद लोगों ने उनका भी विरोध किया। काफी देर तक हंगामें की स्थति रही और फिर दोनों पक्ष निगम के जोनल कार्यालय में आ गये। जहां व्यापारियों का एक गुट इन खोखों को हटाये जाने का विरोध कर रहा था वहीं अनाज मंडी के अन्य व्यापारी इस अतिक्रमण को हटाये जाने के पक्ष में थे और उन्होंने कहा कि वह इस अतिक्रमण को हटावाकर दम लेंगे।

### अशोक भारतीय और स्पर्श गुप्ता की शिकायत के बाद चला यहां बुल्डोजर

करंट क्राइम। नगर निगम का दस्ता मंगलवार को पहुंचा और यहां से अतिक्रमण हटाना शुरू किया। लोगों ने विरोध किया और अनाज मंडी के व्यापारी समर्थन में आये। बताया ये जाता है कि इस मामले में ना तो क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा ने कोई शिकायत दर्ज कराई थी और ना ही अनाज मंडी के प्रधान नरेश अग्रवाल ने कोई शिकायत की थी। घंटाघर व्यापार मंडल की ओर से भी कोई शिकायत नहीं थी। यहां नगर निगम का बुल्डोजर ही व्यापार मंडल के नेता अशोक भारतीय की शिकायत के बाद पहुंचा। अशोक भारतीय ने लिखित में शिकायत की थी और इसके अलावा स्पर्श गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी। अशोक भारतीय और स्पर्श गुप्ता की शिकायत के बाद नगर निगम का बुल्डोजर अनाज मंडी में पहुंचा।

### ना मेरा कोई विरोध हुआ और ना मैंने किसी का विरोध किया : राजीव शर्मा



करंट क्राइम। क्षेत्र में ये चर्चा फैल गयी कि लोगों ने क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा का घेराव किया और उनका जमकर विरोध किया। इस पूरे मामले पर करंट क्राइम ने जब राजीव शर्मा से बात की तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि ना तो मेरा कोई विरोध हुआ है और ना ही मैंने किसी का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि दरअसल ये पूरी कहानी व्यापार मंडल के नेताओं की आपसी गुटबाजी से जुड़ी है। मेरे पास अनाज मंडी के व्यापारियों का फोन आया तो मैं मौके पर पहुंचा। मेरी सहानुभूति उन दुकानदारों से भी है जिनका खोखा क्षतिग्रस्त हुआ है। निगम के दस्ते की भी कोई मंशा यहां किसी का ठीया ध्वस्त करने की नहीं थी। उन्होंने बताया कि पहले नाले की सफाई होनी थी। पहले खोखे नाले के पीछे थे फिर नाले पर आ गये और उसके बाद नाले के आगे की जमीन भी घेर ली। खोखों को हटाकर सफाई होनी थी और इसी क्रम में खोखे क्षतिग्रस्त हो गये। मैं ने आश्वासन दिया है कि अब मैनुअल सफाई करा ली जायेगी और आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग के इन लोगों की मदद भी की जायेगी। मेरा उद्देश्य हमेशा से किसी को बसाने का रहा है किसी को उजाड़ने का नहीं। विरोध की बात वो कर रहे हैं जो व्यापार मंडल के नेता इस मामले में खुद इन्वॉल्व हैं।

### पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा मेयर करें इस बात को पूरी तरह स्पष्ट

# 20 प्रतिशत हाउस टैक्स जमा करने पर मिल रही छूट है कौन-सी दरों पर!




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि का मामला अभी तक सोल्व नहीं हुआ है। निगम का सदन 30 जून की बैठक में इसे सर्वसम्मति से निरस्त कर चुका है। मिनट्स बुक को लेकर पार्षद धरने पर बैठ चुके हैं। मेयर ने हाल ही में ये कहा था कि सभी लोग कर जमा करायें और 20 प्रतिशत की छूट का लाभ उठायें। इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने सवाल उठाया है और उन्होंने मेयर सुनीता दयाल से ये पूछा है कि जिस 20 प्रतिशत छूट की बात हो रही है क्या वो गृह कर के पुराने रेट पर है या नये रेट पर ली जा रही है। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने मेयर से ये सवाल किया कि 20 प्रतिशत की छूट 30 नवम्बर तक है। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि मेरा सवाल ये है कि ये छूट हाउस टैक्स की पुरानी दर पर है या बढ़ी दर पर है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो टैक्स कम करने की बात है और दूसरी तरफ छूट की स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। जनता भ्रमित हो रही है और भ्रम की इस स्थिति से निकालने का काम नगर निगम पार्षद सदन की मुखिया मेयर को करना है। जनता को स्पष्ट बताया जाये कि क्या उन्हें 20 प्रतिशत की छूट के साथ टैक्स की बढ़ी हुई दर पर टैक्स जमा करना है। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि 30 जून की बैठक में 68 पार्षदों ने प्रस्ताव घोषित किया था और बढ़ा हुआ प्रस्ताव निरस्त किया गया था। खुद मेयर ने इसकी घोषणा की थी। इसके बाद मेयर ने फेसबुक पर भी स्पष्ट तौर पर कहा था। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि अगर पुरानी दर पर टैक्स लिया जा रहा है तो वह बताया जाये और अगर नयी दर पर टैक्स लिया जा रहा है तो यह विरोधाभास वाली स्थिति है। एक अप्रैल से लोगों के पास नये दरों के बिल भेजे गये हैं। जनता को कन्फ्यूजन नहीं होना चाहिए।

# कौन-सा मंडल पदाधिकारी आ गया निगम के रडार पर

### - भू माफिया के रूप में हो रही है तैयारी FIR दर्ज कराने की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात हो रही है। भू माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के दावे हैं।

इन सबके बीच चर्चा उस मंडल पदाधिकारी को लेकर है जो नगर निगम के रडार पर आ गया है। सूत्र बताते हैं कि इस मंडल पदाधिकारी के खिलाफ भू माफिया वाली कार्यवाही की तैयारी हो रही है। शिकायत बड़े स्तर पर है और ये चर्चा बाहर आ गयी है। जिस मंडल पदाधिकारी की बात हो रही है उस पर जमीनों के कई आरोप हैं और कहा जाता है कि उस पर मामले भी दर्ज हैं। बहरहाल अब मामला निगम की किसी जमीन का बताया जाता है। जिस मंडल पदाधिकारी का जिक्र हो रहा है वो एक जनप्रतिनिधि के करीबी बताये जाते हैं।



अगर इस मामले में कार्यवाही होती है तो ये एक बड़ी नजीर होगी क्योंकि जिस मंडल पदाधिकारी की बात हो रही है उसके बारे में अभी ये स्पष्ट नहीं है कि उसकी लोकेशन नदिया के पार है या लाईन के पार है। मगर इतना तय है कि भू माफिया वाली लिस्ट में नाम आया है तो कोई तो बड़ा मामला है। अभी अधिकारी भी इस नाम को ओपन करने में थोड़ा संयम बरत रहे हैं।

# भोलेनाथ के मंदिर से निकलेगा सौर ऊर्जा अपनाने का एक बड़ा संदेश

## शिप्रा सनसिटी से हो रही है शुरुआत, पहले भी मंदिर ने दिया है पर्यावरण को बेस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धर्म स्थल से पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा है और अब देवादिदेव महादेव के मंदिर से बिजली बचत का संदेश निकलेगा।

शिप्रा सनसिटी के शिव मंदिर से इसकी तैयारी हुई है। खास बात ये है कि भोले नाथे के मंदिर को सौर ऊर्जा से जगमगाने का कॉन्सेप्ट स्थानीय पार्षद संजय सिंह और स्थानीय आरडब्यूए लेकरआये हैं। सौर ऊर्जा द्वारा मंदिर में सभी लाईटें जलेंगी और सौर ऊर्जा से जब शिव मंदिर जगमगायेगा तो एक संदेश क्षेत्र में जायेगा। शिप्रा सन सिटी के शिव मंदिर में जो सोलर प्रोजेक्ट लग रहा है उसमें बिजली की बचत होगी और सौर ऊर्जा से मंदिर जगमगायेगा।

इसके लिए स्थानीय पार्षद संजय सिंह ने विशेष पहल की है और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर इसकी व्यवस्था की गयी है। गौरतलब है कि शिप्रा सनसिटी का शिव मंदिर इससे पहले भी पर्यावरण का एक बड़ा संदेश दे चुका है। यहां पर चढ़ने वाले फूल और पत्ती से खाद बनाने की शुरूआत इसी मंदिर से की गयी थी। अब सोलर लाईट से मंदिर को जगमगाने की तैयारी है। सहयोग राशि से मिलकर एक ऐसा योग बना है जब सौर ऊर्जा का उजाला मंदिर में होगा।

## यूपी समेत 12 राज्यों में SIR अभियान शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर अभियान शुरू हो गया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है। चुनाव आयोग ने 2026 और 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए देश के 12 राज्यों में एसआईआर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

वहीं, पश्चिम बंगाल की सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस ने इस अभियान का विरोध किया है। राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी ने आज दोपहर को एसआईआर के विरोध में एक मार्च निकालने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म

शेष, पृष्ठ 8

# समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा पीडीए प्रहरी के रूप में काम करेंगे पार्टी कार्यकर्ता

### - पांचों विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर पार्टी करेगी काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में भी वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्फ़) शुरू हो गया है। चुनाव आयोग ने सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। इस प्रक्रिया के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मौजूदा सूची को अपडेट किया जाएगा। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। सपा ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची तैयार करने में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती जाति और धर्म के आधार पर की गई है, जो निष्पक्षता पर सवाल उठाती है। गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा कि पार्टी इस प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद की पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ता पीडीए प्रहरी के रूप में काम करेंगे और बूथ स्तर पर हर गतिविधि की निगरानी करेंगे। फैजल हुसैन ने कहा, हम ना तो फर्जी वोट बनवाने देंगे और ना ही अपने वोट कटने देंगे। अगर कहीं अनियमितता या लापरवाही पाई गई तो हम जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक शिकायत करेंगे। जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग को भी अवगत कराया जाएगा। सपा का कहना है कि उसके कार्यकर्ता गोपनीय रूप से भी मतदाता सूची संशोधन कार्य की निगरानी करेंगे ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।

### जन सेवा की तैयारी पड़ी पार्षद जी की डॉक्टरी प्रैक्टिस पर भारी

# पार्षद बोले, मुझे नहीं पता था कि क्षेत्र की होती है इतनी बड़ी जिम्मेदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में लोग सेवा की भावना से आते हैं और राजनीति में एक अच्छा पहलू ये है कि अब इसमें शिक्षित लोग आ रहे हैं। कैबिनेट मंत्री अधिवक्ता हैं, दो अन्य विधायक अधिवक्ता हैं। मोदीनगर की विधायक डॉक्टर हैं और अब वार्ड की राजनीति में भी डॉक्टर जैसे उच्च शिक्षित लोग आ रहे हैं। जनसेवा में पढ़े लिखे लोगों के आने के बाद राजनीति का एक स्तर बनता है। लेकिन उच्च शिक्षित लोग जब राजनति में आते हैं तो वो कैसा महसूस करते हैं इसे जानने के लिए दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह से वार्ड संख्या 98 के पार्षद डा. अनिल तोमर से बात की। डा. अनिल तोमर पेशे से डाक्टर हैं और उन्होंने अपने जीवन का ये पहला चुनाव लड़ा और जनता ने उन्हें मान सम्मान देते हुए जनादेश दिया और वो चुनाव जीत गये। जनप्रतिनिधि बनने के बाद जनसेवक बन जाने के बाद जीवन शैली में कितना परिवर्तन आया है। इस सवाल पर डा. अनिल तोमर ने कहा कि पहले मेरी दिनचर्या सुबह जाना और शाम को घर आना वाली थी। लेकिन जनप्रतिनिधि बनने के बाद अब पूरे दिन का पता ही नहीं चलता है । कब सुबह होती है कब शाम होती है। उन्होंने कहा कि पार्षद बनने के बाद मुझे ये अहसास हुआ कि एक जनप्रतिनिधि के कंधों पर क्षेत्र की कितनी जिम्मेदारी होती है। उसे क्षेत्र के लोगों को समय देना है। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने कहा कि अब मुझे धीरे धीरे यह जनसेवा अच्छी लगने लगी है। खुद में यह भाव रहता है कि हमें क्षेत्र की जनता के लिए काम करना है और क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। चिकित्सा प्रैक्टिस के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब तो जनसेवा की प्रैक्टिस जारी है और पार्षद के रूप में पारी खेलते हुए खुद को बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मुझे चुनाव लड़ने से पहले बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी कि जनसेवा की ये पारी डॉक्टरी पेशे पर भारी पड़ेगी।

# मानसिंह गोस्वामी बनाये गये मेरठ जिले के प्रभारी

## संभाल रहे हैं वंदे मातरम 150 वर्ष पूर्ण होने के अभियान सहित कई जिम्मेदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानसिंह गोस्वामी को मेरठ जिले का प्रभारी बनाया गया है। मानसिंह गोस्वामी भाजपा के गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वो क्षेत्रीय टीम के पदाधिकारी रहे हैं और उन्हें चुनाव प्रबंधन से लेकर संगठन के आयामों की रणनीति का सुपर स्पेशिलस्ट माना जाता है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में उन्होंने विषम परिस्थितियों में वहां डेरा डालकर प्रचार किया था। मंगलवार को जब भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर बैठक हुई तो इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने जिलाप्रभारियों की घोषणा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने तीन जिलों के प्रभारी घोषित किये। गाजियाबाद के मानसिंह गोस्वामी को मेरठ जिले का प्रभारी बनाया गया है। मानसिंह गोस्वामी इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वंदे मातरम की 150 वीं जयंती की कमान संभाल रहे हैं।

### भाजपा कार्यकर्ता रख सकते हैं कभी भी क्षेत्रीय कार्यालय में अपने मन की बात

करंट क्राइम। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी ने अपनी बात रखने के लिए द्वार खोले हैं। मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई तो यहां ये तय किया गया कि अब सप्ताह के सातों दिन यानी प्रत्येक दिन भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में पांच पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। ये पदाधिकारी पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के कार्यकर्ताओं की बात सुनने के लिए उपलब्ध रहेंगे। गाजियाबाद के किसी भी कार्यकर्ता को अगर अपनी कोई बात रखनी है तो वो क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचकर पांचों पदाधिकारियों के सामने अपनी बात रख सकते हैं। पार्टी का ये सीधा सा नियम है कि कार्यकर्ता सर्वोपरि है और यदि कार्यकर्ता को कोई शिकायत है, कोई परेशानी है या वो संगठन से जुड़ी कोई जानकारी देना चाहता है तो भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में वो अपनी बात रख सकता है।

### 10से 25 नवम्बर तक रोजाना होगी 8 किलोमीटर की पद यात्रा



करंट क्राइम। भाजपा में आयाम आ चुके हैं और लगातार काम चल रहा है। वंदे मातरम की 150 वीं जयंती पर भाजपा ये कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके अलावा मंगलवार को जब क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक हुई तो यहां मतदात गहन परीक्षण सूचि अभियान पर चर्चा हुई। इससे जुड़ी तैयारियों की समीक्षा हुई। इसके अलावा सरदार बल्लभ भाई पटेल जन्म जयंती पर प्रत्येक विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा 10 नवम्बर से 25 नवम्बर तक प्रतिदिन 8 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। प्रत्येक विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## बीएलओ को सौंपे गए गणना प्रपत्र

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय द्वारा ब्लॉक लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के अद्यतन हेतु संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण करेंगे और पात्र नागरिकों से आवश्यक विवरण प्राप्त करेंगे।

डॉ. उपाध्याय ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करें तथा पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्वाचन

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# चीन संग ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप का चीन के प्रति रुख बदलना भारत के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है। अमेरिका के नेता अब इस दोस्ती को स्थायी शांति के लिए जरूरी मान रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच सुलह से भारत की 'चीन प्लस वन' नीति पर असर पड़ सकता है, जिससे नई दिल्ली को अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करना होगा। सितंबर 2018 में चीन पर 10% टैरिफ लगाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि चीन कई बरसों से अमेरिका का फायदा उठा रहा है और उन्हें पता है कि उसे कैसे रोकना है। वह ट्रंप का पहला कार्यकाल था और उस पूरे रेजीम में चीन को लेकर उनका रवैया ऐसा ही सख्त रहा। लेकिन, दूसरे कार्यकाल के 10 महीने के भीतर ही उनका रुख बिल्कुल उल्टा हो चला है। अब वह चीन को खतरे के रूप में नहीं, उसकी दोस्ती को स्थायी शांति और सफलता के लिए जरूरी मान रहे हैं। वर-चीन समझौता डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की और इसके बाद कई अहम घोषणाएं हुईं। रेयर अर्थ मिनरल्स, ट्रेड टैरिफ और अमेरिकी कृषि उत्पाद पर जो गतिरोध था, वह सुलझता दिख रहा है। दुनिया के लिए चौंकाने वाली बात यह नहीं कि दोनों महाशक्तियों के बीच सुलह हो गई, बल्कि यह है कि दोनों एक ऐसे गठजोड़ की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसको लेकर अभी तक की कोशिशें असफल रही हैं। लड़की के सामने खड़ा हुआ, प्राइवेट पार्ट निकालकर करने लगा मास्टरबेट, उउळश में कैद हुई बेंगलुरु के युवक की करतूत बिग बॉस 19 : नॉमिनेशन्स के बीच मालती ने तान्या को चांटा मारने की कही बात, बेघर होने के लिए इन 5 पर लटक रही तलवार पैर छूने जा रही थीं कप्तान हरमनप्रीत कौर, फिर जो जय शाह ने किया, उसके लिए आप भी करेंगे सलाम! पाकिस्तानी क्रकऔर दाऊद इब्राहिम का हिंदू और गैर-मुस्लिम देशों के खिलाफ नया प्लान, फैला रहे 'नार्को-जिहाद', भारत की बढ़ी चिंता चीन प्लस वन यह पार्टनरशिप इस सदी के सबसे बड़े भू-राजनीतिक बदलाव की वजह बन सकती है और इसका असर जिन देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, उनमें भारत भी है। अभी तक माना जा रहा था कि चीन के बढ़ते प्रभुत्व को रोकने के लिए अमेरिका उसके बरक्स भारत को खड़ा कर रहा है। कोरोना के दौर में चीन प्लस वन पॉलिसी चली, तो चर्चा में भारत ही रहा और इसका उसे फायदा भी मिला। अब जब वॉशिंगटन और पेइचिंग करीब आ रहे हैं, तो यह पॉलिसी भी शायद ज्यादा न चल पाए। रेयर अर्थ अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर लड़ रहे चीन ने रेयर अर्थ की सप्लाई को हथियार की तरह इस्तेमाल किया था, जिसका असर भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ा। पिछले ही महीने जब चीन ने निर्यात से जुड़े नए नियम लागू किए तो अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इसे सभी की लड़ाई बताते हुए भारत से मदद मांगी। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि यह लड़ाई अमेरिका को छोड़कर भारत और बाकी दुनिया की है। नई नीति नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच अभी तक व्यापार समझौता नहीं हुआ है। रूस के साथ तेल खरीद भी भारतीय कंपनियों ने कम कर दी है।

# कमजोर एशियाई रुख का असर, भारतीय बाजार में भारी गिरावट
## सेंसेक्स 519 अंक टूटा, निफ्टी में 165 अंकों की गिरावट



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 519.24 अंक गिरकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 165.70 अंक गिरकर 25,597.65 अंक पर आ गया।

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई व यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच मंगलवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 519.24 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 565.72 अंक या 0.67 प्रतिशत गिरकर 83,412.77 अंक पर बंद हुआ।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,597.65 अंक पर बंद हुआ। विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण मंगलवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक को लाभ हुआ।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को यूरोप के बाजार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 64.02 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.34 प्रतिशत घटकर 64.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,883.78 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 3,516.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को सेंसेक्स 39.78 अंक या 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 83,978.49 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.25 अंक या 0.16 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 25,763.35 पर बंद हुआ।

# त्योहारी सीजन और ऑनलाइन लेनदेन ने बढ़ाई रफ्तार
## सितंबर में क्रेडिट कार्ड से खर्च 2.17 लाख करोड़ पर



**नई दिल्ली।** एसीएमआईआईएल की रिपोर्ट के अनुसार देश में क्रेडिट कार्ड से खर्च सितंबर में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। त्योहारी सीजन में कुल खर्च 2.17 लाख करोड़ के स्तर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि यह उछाल मुख्य रूप से ऑनलाइन लेनदेन में तेजी के कारण दर्ज हुआ।

देश में क्रेडिट कार्ड से खर्च सितंबर में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड (एसीएमआईआईएल) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान कुल खर्च 2.17 लाख करोड़ के स्तर पर रहा। यह महीने-दर-महीने 13.4% और सालाना 23% की वृद्धि दशार्ता है। इससे कुल खर्च में करीब 25,500 करोड़ का इजाफा हुआ।

### ऑनलाइन लेनदेन में तेजी के कारण आया उछाल

रिपोर्ट में बताया गया कि यह उछाल मुख्य रूप से ऑनलाइन लेनदेन में तेजी के कारण दर्ज हुआ। सितंबर में ऑनलाइन खर्च में 21.7% मासिक और 25.1% वार्षिक वृद्धि हुई, जबकि पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) ट्रांजैक्शन लगभग स्थिर रहे।

### इन बैंकों ने दर्ज की सबसे अधिक वृद्धि

समग्र कार्ड खर्च में वृद्धि का नेतृत्व चार प्रमुख बैंकों, एसबीआई कार्ड्स, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक ने किया। एसबीआई कार्ड्स ने मासिक आधार पर 22.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इससे खर्च में 75.6 अरब रुपये की वृद्धि हुई, जबकि आईसीआईसीआई बैंक ने मासिक आधार पर 21.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे खर्च में 74.3 अरब रुपये का योगदान हुआ। एक्सिस बैंक ने 19.7 प्रतिशत मासिक वृद्धि दर्ज की, जिसमें 42.8 अरब रुपये जुड़े, तथा एचडीएफसी बैंक ने 12.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जिसमें 67.1 अरब रुपये जुड़े।

# उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों के लिए एअर इंडिया भेजेगी विशेष विमान



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली की उड़ान को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को मंगोलिया की राजधानी की ओर मोड़ दिया गया था। विमान में कुल 228 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। एअरलाइन ने जानकारी दी कि उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को वापस लाने के लिए एक विशेष विमान भेजा जाएगा।

एअर इंडिया ने जानकारी दी कि उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को वापस लाने के लिए एक विशेष विमान भेजेगी। बता दें कि सोमवार को सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली की उड़ान को तकनीकी समस्या के कारण मंगोलिया की राजधानी की ओर मोड़ दिया गया था। एयरलाइन ने बताया कि राहत उड़ान बुधवार सुबह यात्रियों को लेकर वापस लौटेगी। सूत्रों के अनुसार विमान में 245 लोग सवार थे, जिनमें 228 यात्री और 17 चलक दल के सदस्य थे।

### उड़ान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित होगी

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया उड़ान संख्या एआई174 (2 नवंबर की सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली) के यात्रियों को ले जाने के लिए एक राहत उड़ान संचालित करेगी। इसे सोमवार को उलानबटोर की ओर मोड़ दिया गया था। उड़ान संख्या एआई183 आज दोपहर दिल्ली से रवाना होगी और बुधवार सुबह प्रभावित यात्रियों को लेकर वापस आएगी। राहत उड़ान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित की जाएगी।

### यात्रियों और चालक दल की देखभाल की जा रही

बयान में यह भी कहा गया है कि एयरलाइन स्थानीय अधिकारियों और मंगोलिया स्थित भारतीय दूतावास के साथ मिलकर यात्रियों और चालक दल की देखभाल कर रही है। इसमें उन्हें होटल में आवास उपलब्ध कराना भी शामिल है।

### तकनीकी समस्या के कारण उलानबटोर में उतरा था विमान

सोमवार को टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए दिल्ली जा रही एआई174एम को उलानबटोर में एहतियातन उतारना पड़ा, क्योंकि उड़ान चालक दल को रास्ते में तकनीकी समस्या का संदेह था। उड़ान संचालित करने वाला बोइंग 777 विमान उलानबटार में सुरक्षित उतर गया।

# कम कीमतों से जूझ रहा स्टील सेक्टर, 150 यूनिट्स ने बंद किया उत्पादन, सरकार के विस्तार लक्ष्य पर खतरा

**नई दिल्ली।** स्टील सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि कि छोटे उद्योगों के लिए स्टील की मौजूदा कीमतें एक बड़ी चुनौती बन गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब सरकार अगले पांच से सात वर्षों में इस क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पांच साल पहले स्टील की कीमतें जरूरत से अधिक थीं, लेकिन आज ये जरूरत से कम स्तर पर हैं, जिससे बाजार में असंतुलन पैदा हो गया है।

स्टील की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या बन सकती हैं। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने यह संभावना जताई। उन्होंने कहा कि कम कीमतों के कारण



करीब 150 छोटे स्टील उत्पादकों ने उत्पादन बंद कर दिया है।

स्टील समिट 2025 को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने बताया कि पांच साल पहले स्टील की कीमतें जरूरत से अधिक थीं, लेकिन आज ये जरूरत से कम स्तर पर हैं, जिससे बाजार में असंतुलन पैदा हो गया है। कम कीमतें सरकार के क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य पर डाल सकती हैं असर पौंड्रिक ने कहा कि छोटे उद्योगों के लिए मौजूदा कीमतें एक बड़ी चुनौती बन गई हैं।

### अधिशेष उत्पादन विश्वभर के लिए समस्या

सचिव ने यह भी बताया कि विश्वभर में, विशेषकर चीन में, अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप डंपिंग एक वास्तविक समस्या है, न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रत्येक देश के लिए।

### सरकार घरेलू स्टील उद्योग की कर रही सुरक्षा

पौंड्रिक ने कहा कि सरकार ने आयातित स्टील पर अस्थायी रूप से सुरक्षा शुल्क लगाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घरेलू स्टील उद्योग को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। अच्छी खबर यह है कि स्टील की खपत बढ़ रही है, क्षमता बढ़ रही है। बढ़ती खपत को पूरा करने के लिए पिछले 10 वर्षों में नई क्षमताएं विकसित की जा रही हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- क्या आप जानते हैं? बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं।
- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या-युगांडा रेलवे में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

**वृष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मिथुन:** जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

**सिंह:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

**कन्या:** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मकर:** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**कुंभ:** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मीन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

## चुटकुले

किसी आदमी ने अपने एक मित्र को दावत दी, सारा खाना वही खा गया। घर वाले भूखे रह गए। पांच साल का बबलू तो भूख के मारे रो पड़ा।
उसकी मां ने कहा- बेटा मेहमान को जाने दो, सारे मिलकर रोएंगे, तुम अकेले क्यों रोते हो?

---

पत्नी ( रसोई से निकलते हुए )- सुनिए, आजकल मैं बहुत खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति - तुमने कैसे जाना?
पत्नी - देखो न , आजकल मेरी सुंदरता को देखकर रोटियां भी जलने लगी है।

## 05 11 2025 करंट क्राइम
## जन्मदिन हार्दिक की शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# मंधाना, जेमिमा और राधा यादव पर विश्वकप जीत के लिए होगी धनवर्षा, महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला



**महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय टीम की विश्वकप जीत में अहम योगदान देने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव पर धनवर्षा का फैसला लिया है।**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय टीम की विश्वकप जीत में अहम योगदान देने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव पर धनवर्षा का फैसला लिया है। महिला वनडे विश्वकप 2025 का समापन भारत की ऐतिहासिक जीत के साथ हो गया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 52 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य की तीन महिला खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया। महाराष्ट्र सरकार के निर्णय के मुताबिक, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव पर धनवर्षा होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार मौजूद रहे।

### बीसीसीआई पहले कर चुका एलान

इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी भारतीय महिला टीम को 51 करोड़ की ईनामी राशि देने की घोषणा की थी। बता दें कि, टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रचा और वनडे तथा टी20, दोनों प्रारूपों में अपना पहला विश्व खिताब जीता। 2005 और 2017 के फाइनल मुकाबलों में मिली हार का बदला लेते हुए भारत ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया।

# भारत की विश्वकप जीत से बौखलाया पाकिस्तान महिला टीम के कोच वसीम को किया बर्खास्त



**भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले गए महिला विश्वकप में पाकिस्तान की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम एक भी मुकाबले में जीत दर्ज नहीं कर पाई थी और आखिरी स्थान पर रहकर अभियान समाप्त किया।**

**नई दिल्ली।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को भारत को महिला विश्वकप 2025 की ऐतिहासिक जीत शायद रास नहीं आई है, इसलिए उसने अपनी महिला टीम के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने महिला टीम के कोच मोहम्मद वसीम को पद से बर्खास्त कर दिया है। दरअसल, भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले गए महिला विश्वकप में पाकिस्तान की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम एक भी मुकाबले में जीत दर्ज नहीं कर पाई थी और आखिरी स्थान पर रहकर अभियान समाप्त किया।


**आखिरी स्थान पर रहकर समाप्त किया अभियान**

पाकिस्तान ने इस साल अप्रैल में लाहौर में हुए क्वालिफायर्स में शीर्ष पर रहते हुए महिला विश्वकप के लिए क्वालिफाई किया था। हालांकि, टूर्नामेंट में फातिमा सना के नेतृत्व में टीम कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। कोलंबो में खेले सात मुकाबलो में में टीम एक भी मैच जीत नहीं सकी और आखिरी स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया।

पीसीबी ने कहा कि वसीम का अनुबंध विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था और बोर्ड ने इसे आगे न बढ़ाने और इसके बजाय एक नया मुख्य कोच नियुक्त करने का फैसला किया है।

बता दें कि, पूर्व टेस्ट खिलाड़ी वसीम, जो पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता भी रह चुके हैं, उन्हें पिछले साल मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान की टीम एशिया कप सेमीफाइनल हार गई और फिर इस वर्ष के शुरू में टी20 विश्व कप के लीग चरण में बाहर हो गई थी।

# जिस BBL में खेलने के लिए अश्विन ने IPL से हुए रिटायर, अब उस टूर्नामेंट से भी बाहर हुए



**अश्विन ने अपनी चोट की पुष्टि करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'चेन्नई में अभ्यास के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई।**

**सिडनी।** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग बिग बैश लीग (BBL15) से बाहर होना पड़ा है। अश्विन इस सीजन में सिडनी थंडर की ओर से खेलने वाले थे, लेकिन चोट के कारण अब वे पूरा टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगे।

बीबीएल का 15वां संस्करण 14 दिसंबर से शुरू होगा। अश्विन का यह डेब्यू काफी चर्चित माना जा रहा था क्योंकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार विदेशी टी20 लीग में उतरने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था।

**अश्विन ने इंस्टाग्राम पर दी जानकारी:** अश्विन ने अपनी चोट की पुष्टि करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'चेन्नई में अभ्यास के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई। सर्जरी के बाद पता चला कि मैं पूरे बीबीएल सीजन से बाहर रहूंगा। यह कहना मेरे लिए बहुत कठिन है क्योंकि मैं इस टीम का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित था।'

उन्होंने आगे लिखा, 'फिलहाल मेरा पूरा ध्यान रिहैबिलिटेशन और रिकवरी पर है ताकि मैं पहले से भी मजबूत होकर लौट सकूं। सिडनी थंडर क्लब, कोच, और सभी लोगों ने मुझे शुरूआत से ही बहुत अपनापन दिया। आप सभी का धन्यवाद।'

**हॉन्गकॉन्ग सिक्सेज से भी बाहर:** घुटने की चोट के चलते अश्विन न सिर्फ बीबीएल15 से बल्कि हॉन्गकॉन्ग सिक्सेज (सात से नौ नवंबर) टूर्नामेंट से भी बाहर हो गए हैं। यह टूर्नामेंट सात से नौ नवंबर के बीच खेला जाना है। उनकी जगह रॉबिन उथप्पा को टीम में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, अश्विन को आईएल टी20 में कोई खरीददार नहीं मिला था, जिसकी वजह से उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया था।

**अश्विन की वापसी की उम्मीद कायम:** अश्विन ने यह भी संकेत दिया कि यदि उनकी रिकवरी और ट्रैवल शेड्यूल अनुमति देता है, तो वे सीजन के अंत में सिडनी थंडर के खिलाड़ियों से मिलने और टीम का हौसला बढ़ाने ऑस्ट्रेलिया जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर डॉक्टरों की अनुमति मिली और समय ने साथ दिया, तो मैं इस सीजन के अंत में टीम से मिलने जरूर जाऊंगा। कोई वादा नहीं, लेकिन इरादा यही है।'

**थंडर प्रबंधन ने जताया अफसोस**

सिडनी थंडर के जनरल मैनेजर ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि टीम को इस खबर से बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा, 'हम सभी अश्विन की चोट की खबर सुनकर दुखी हैं। वे जबसे हमसे जुड़े थे, उनका जोश और समर्पण अद्भुत था। हम उनकी जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं और उम्मीद है कि वे भविष्य में थंडर के साथ लंबे समय तक जुड़े रहेंगे।' कोपलैंड ने आगे कहा कि भले ही यह झटका है, लेकिन टीम में डेविड वॉर्नर, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, लोकी फर्ग्यूसन, सैम कॉन्सटास और तनवीर सांगा जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो टीम को मजबूती देंगे।

# भारतीय टीम राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए घोषित, जितेश बने कप्तान



**भारत ए टीम :** जितेश शर्मा (कप्तान एवं विकेटकीपर), नमन धीर (उपकप्तान), प्रियांश आर्या, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैशाक, युधवीर सिंह चारक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा, आशुतोष शर्मा।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** गुरनूर सिंह बरार, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी, शेख रशीद।

**जितेश शर्मा, जो फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रहे हैं, अब एशिया कप में भारत ए की अगुआई करेंगे।**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने आगामी राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 के लिए भारत ए टीम की घोषणा कर दी है। जितेश शर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल स्टार प्रियांश आर्या को टीम में जगह मिली है।

यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक दोहा (कतर) में खेला जाएगा। भारतीय टीम को ग्रुप बी में रखा गया है, जिसमें ओमान, यूएई और पाकिस्तान की टीमें भी शामिल हैं। वहीं ग्रुप ए में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग की टीमें शामिल हैं।

### जितेश शर्मा कप्तान, आईपीएल सितारे टीम का हिस्सा

जितेश शर्मा, जो फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रहे हैं, अब एशिया कप में भारत ए की अगुआई करेंगे। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) की खिताब विजेता टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं और कप्तानी भी संभाल चुके हैं। जितेश ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 में 22 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। उनके अनुभव और नेतृत्व से युवा खिलाड़ियों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

### वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्या को भी मौका

14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वह इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 101 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर टी20 क्रिकेट के सबसे कम उम्र के सेंचुरियन बने थे। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अंडर-19 टेस्ट में भी शतक जमाया था। वहीं, प्रियांश आर्या, जिन्होंने पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था, ने सितंबर में भारत ए बनाम ऑस्ट्रेलिया ए के अनाधिकारिक वनडे में भी शतक जड़ा था।



### राइजिंग स्टार्स एशिया कप का प्रारूप

यह टूर्नामेंट पहले इंडिया इमर्जिंग कप के नाम से जाना जाता था, जो मुख्य रूप से अंडर-23 टूर्नामेंट था। इसे इमर्जिंग टीम एशिया कप भी कहा गया है, लेकिन अब भारत समेत कई देशों ने इसमें युवा और सीनियर खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल किया है ताकि प्रतिभा और अनुभव का संतुलन बना रहे। अब तक इस टूर्नामेंट के छह संस्करण हो चुके हैं। पिछले छह संस्करणों में भारत सिर्फ एक बार साल 2013 में पहले संस्करण में चैंपियन बना था। तब भारत ने पाकिस्तान को हराया था। इसके बाद 2017 और 2018 में श्रीलंका की टीम ने खिताब जीता। 2019 और 2023 में पाकिस्तान ने खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि 2024 में अफगानिस्तान की टीम चैंपियन बनी।



# विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन भारतीय खिलाड़ी ने पेरू के स्टीवन को दी मात

**पणजी (गोवा)।** शतरंज विश्वकप 23 साल बाद भारत में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 206 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीवन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप 2025 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी।

पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा।

उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया। वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे। वी प्रणव ने अल्जीरिया के अला एद्दिने बौलरेन्स को 2-0 से, रौनक साधवानी ने डेनियल बैरिश को 1.5-0.5 से, एम प्रणेश ने सतबेक अख्मेदिनोव को 1.5-0.5 से मात दी। एजेंसी

### पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं दिव्या देशमुख

विश्वकप में एकमात्र महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं। उन्हें पहले दौर में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर स्टामाटिस कौरकौलोस-आर्दितिस से दोनों मुकाबले हारकर बाहर हो गईं।

भारत के अन्य शीर्ष खिलाड़ी डी.गुकेश, आर प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती को पहले दौर में बाय मिला है। वह अगले दौर में खेलते नजर आएंगे।

# मीराबाई चानू का भार वर्ग 2028 ओलंपिक से हटाया गया



**भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी।**

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं।

चानू ने टोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पधाओं की कुल संख्या 12 कर दी है जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है।

भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी। शर्मा ने कहा, 'यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी।'

अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा, 'आईओसी द्वारा लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन कार्यक्रम को बढ़ाने के उत्साहजनक फैसले के बाद अब 12 स्पधाएं (छह पुरुष, छह महिलाएं) आयोजित की जाएंगी।'

यह दूसरी बार है जब आईडब्ल्यूएफ ने एक वर्ष से भी कम समय में श्रेणियों में बदलाव किया है। चानू इस साल की शुरूआत में 48 किग्रा वर्ग में आ गई थीं, जब आईडब्ल्यूएफ ने ओलंपिक से 49 किग्रा वर्ग को हटा दिया था। हालांकि अब 49 किग्रा वर्ग को विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में फिर से शामिल कर लिया गया है, लेकिन यह ओलंपिक में शामिल नहीं होगा। चानू ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अगले साल होने वाले एशियाई खेलों तक 48 किग्रा/49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती रहेंगी। उसके बाद, ओलंपिक की तैयारी के लिए धीरे-धीरे 53 किग्रा वर्ग में आगे बढ़ने के लिए उनके पास दो साल का समय होगा।

# आईसीसी रैंकिंग में नंबर-एक बनीं वोल्वार्ट स्मृति मंधाना को छोड़ा पीछे

## जेमिमा भी टॉप-10 में शामिल

**दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़े और कुल 571 रन बनाए, जो किसी भी एक विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक हैं।**



**दुबई।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि जेमिमा रॉड्रिग्स ने नौ स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में जगह बना ली है। यह अपडेट भारत के ऐतिहासिक विश्व कप खिताब जीतने के बाद जारी हुआ।

### वोल्वार्ट बनीं नई नंबर एक बल्लेबाज

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़े और कुल 571 रन बनाए, जो किसी भी एक विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक हैं। उनके इस प्रदर्शन से उन्हें 814 अंक मिले और वे करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गईं।

### मंधाना टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल

हालांकि मंधाना पूरे टूर्नामेंट के दौरान शीर्ष पर रहीं, लेकिन फाइनल के बाद वे दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। उन्हें आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में वोल्वार्ट के साथ शामिल किया गया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व कप खिताब जीता, जो भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय बन गया।

### जेमिमा की छलांग, लिचफील्ड और पेरी ने भी बढ़त बनाई

भारत की जेमिमा रॉड्रिग्स ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जड़कर शानदार वापसी की। इस प्रदर्शन से वे नौ स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंचीं। ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड ने भी 13 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए 13वें स्थान पर कब्जा जमाया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं और न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ स्थान साझा किया, जिन्होंने हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लिया है।

### दीप्ति शर्मा का जलवा बरकरार

भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। सेमीफाइनल और फाइनल मिलाकर उन्होंने सात विकेट लिए और 82 रन बनाए। इसके चलते वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की बढ़त लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गईं, और उन्होंने एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ दिया।

### गेंदबाजी रैंकिंग में भी हुआ बड़ा बदलाव

दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने कैप ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में पांच विकेट (5/20) लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके कारण वे दो स्थान ऊपर चढ़कर 712 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचीं और अब शीर्ष गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के करीब हैं। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और किम गार्थ ने भी एक-एक स्थान की बढ़त हासिल की है।




## गाजियाबाद: पाबंदियों के बावजूद वायु प्रदूषण थम नहीं रहा

### हवा का स्तर बेहद खराब श्रेणी में, लोनी का हाल सबसे गंभीर

**- इंदिरापुरम में सोमवार को 305 से गिरकर 291 पर, वसुंधरा में 370 से 335 पर आया।**





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के चारों मुख्य वायु-मानिटरिंग स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर पर बनी हुई है। मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 325 दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 340 था। हालांकि एक्यूआई में मामूली गिरावट आई है पर हवा अब भी बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। इस दौरान लोनी क्षेत्र सबसे अधिक प्रदूषित पाया गया – वहां एक्यूआई 383 तक पहुंच गया।

#### पाबंदियाँ लागू हैं, लेकिन असर नहीं दिखा रहा

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, लोनी को छोड़कर बाकी तीन स्टेशनों पर सोमवार से एक्यूआई में गिरावट आई थी – उदाहरण के लिए इंदिरापुरम में सोमवार को 305 से गिरकर 291 पर, वसुंधरा में 370 से 335 पर आया। लेकिन बावजूद इसके हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

#### मुख्य कारण: धूल-उड़ान, सड़क पर गाड़ियों का चलना

सड़कों पर उड़ती धूल और बढ़ती वाहन संख्या लोगों की परेशानी का मुख्य कारण बनी हुई है। मोहननगर, जीटी रोड, वसुंधरा, इंदिरापुरम जैसे इलाकों में सड़कें धूल से भरी दिखीं – जिससे सांस लेने में परेशानी, खांसी-जुकाम जैसे लक्षण आम हो गए।

स्थानीय नागरिकों और आरडब्ल्यूए संगठनों ने कहा है कि एयर क्वालिटी मापन और प्रबंधन दोनों में कमी है। वसुंधरा में क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी से मुलाकात में यह आरोप भी लगाए गए कि चारों स्टेशन में अदक 300 के पार रहा, लेकिन वास्तविकता में यह 900 से भी ज्यादा हो सकता है।

शहर में प्रदूषण-केंद्रित पाबंदियाँ तो हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता और अन्य कारकों (जैसे धूल नियंत्रण, वाहन संख्या, निर्माण धूल) पर अभी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इसके चलते वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो पा रहा – नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है, विशेषकर मास्क पहनने और बाहरी गतिविधियों को सीमित करने को।

#### सुझाव स्वरूप कुछ प्रमुख प्रस्ताव

महीने में एक दिन (यथा 10 तारीख) सरकारी अधिकारी वाहन उपयोग न करें, ताकि आम लोग इससे सबक लें। मेट्रो पिलर और फ्लाईओवर पिलर्स पर वर्टिकल गार्डनिंग की जाए। हिंदन श्मशान घाट पर शवदाह केवल मोक्षदा प्रणाली से किया जाए – खुली दहन नहीं हो।

## आपसी विवाद में चली गोली: युवक के पैर में लगी

### दो घायल, आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम गठित



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में तिगड़ी गोलचक्कर के पास सोमवार रात आपसी विवाद के दौरान गोली चल गई। इस घटना में एक युवक के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य युवक मारपीट में घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम करीब 7 बजे लव कुमार और सचिन नामक दो परिचित युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर लव कुमार की पिटाई शुरू कर दी।

इसी दौरान, जब लव कुमार का साथी गौरव बीच-बचाव करने पहुंचा, तो सचिन ने उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली गौरव के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। गौरव और लव कुमार दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद करने और विवाद के कारणों की जांच कर रही है। बिसरख थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि घायल पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी सचिन और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है।

## शादी समारोह में बैंड बाजा बजाने गए व्यक्ति का शव नाले में मिला

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में एक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा मिला। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक सुरेश शादी आदि समारोह में बैंड बाजा बजाने का काम करता था। गुरुद्वारा रोड स्थित नाले में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। वहीं पुलिस घटना को हादसा मान रही। छानबीन के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी मंगलवार सुबह गुरुद्वारा रोड पर सफाई कर रहे थे। तभी उन्हें नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सफाईकर्मियों ने मामले की जानकारी स्थानीय सभासद को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और जांच पड़ताल की।

फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक की शिनाख्त सुरेश कुमार (45 वर्ष) निवासी जगतपुरी कॉलोनी के रुप में हुई। सुरेश कुमार के भाई महेन्द्र कुमार ने बताया कि सुरेश शादी आदि समारोह में बैंड बाजा बजाने का काम करता था। सोमवार रात भी सुरेश कुमार एक शादी समारोह में बैंड बाजा बजाने गया था। उन्होने हत्या की आशंका व्यक्त की। वहीं पुलिस घटना को हादसा मान रही। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने नाले में गिरने के कारण हादसा होने की आशंका व्यक्त की। एसीपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु बैठक सम्पन्न





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विधान परिषद, मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा, बसपा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामावली में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म-18 (स्नातक) एवं फॉर्म-19 (शिक्षक) जमा करने की अंतिम तिथि 06 नवम्बर 2025 निर्धारित है। अब तक प्राप्त आवेदन अपेक्षाकृत कम हैं, इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे पात्र मतदाताओं को जागरूक कर आवेदन भरवाने में सहयोग करें।

बैठक में प्रतिनिधियों को यह भी अवगत कराया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बी.एल.ओ. घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। इस क्रम में दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने बी.एल.ए. की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं।

अंत में जनपद गाजियाबाद के सभी अर्ह मतदाताओं से अपील की गई कि वे 06 नवम्बर 2025 से पूर्व अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों सहित फॉर्म-18 (स्नातक) या फॉर्म-19 (शिक्षक) जमा कराकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम सुनिश्चित कराएं।

## भाजपा प्रदेश नेतृत्व की जूम बैठक: नवंबर के सभी अभियानों को सफल बनाने का आह्वान





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को जूम बैठक के माध्यम से प्रदेशभर के पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों को संबोधित किया। बैठक में नवंबर माह के अभियानों को अनुशासित, समन्वित एवं बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।

प्रदेश नेतृत्व ने कहा कि नवंबर संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी कार्यक्रमों को बिना अन्य आयोजनों से टकराव के, योजना-बद्ध तरीके से धरातल पर उतारना है।

संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकताओं से पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ बूथ स्तर तक सक्रिय रहने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की शक्ति अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता हैं, और विकसित भारत -आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साधने में हर अभियान महत्वपूर्ण है। बैठक में यह भी तय हुआ कि जनसभा/सार्वजनिक कार्यक्रम संगठनात्मक अभियानों से अलग रहेंगे, ताकि पूरा फोकस निर्धारित कार्यक्रमों पर रहे।

#### नवंबर के प्रमुख अभियान

**एसआईआरअभियान:** मतदाता सूची शुद्धिकरण व नए मतदाताओं का पंजीकरण
**आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा:** सरकार की योजनाओं का प्रचार, युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश
**एकता दिवस कार्यक्रम:** सरदार पटेल जयंती पर रैली, पदयात्रा व गोष्ठियाँ
**वंदे मातरम श्रृंखला:** विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का प्रसार

## सड़क पार कर रहे बैंककर्मी की दुर्घटना में मौत, परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम



**हापुड़ करंट क्राइम।** नगर कोतवाली क्षेत्र के फ्रीगंज रोड स्थित मोहल्ला गंगापुरा के बाहर सोमवार रात सड़क पार कर रहे यूको बैंक संविदा कर्मचारी राकेश गौतम (35) को बाइक सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार की सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर बाद घर पहुंचे शव को देखते लोगों में आक्रोश फैल गया और लोगों ने फ्रीगंज रोड पर शव सड़क किनारे रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि राकेश गौतम यूको बैंक में संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। सोमवार की देर रात वह मोहल्ले के बाहर सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच एक तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों की उनसे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। दुर्घटना देख आसपास के लोग यहां एकत्र हो गए। जिन्हें उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी।

## उत्तर प्रदेश में संपत्ति बैनामे (रजिस्ट्री) पर चार दिनों के लिए अस्थायी रूप से रोक लगेगी: ऐसे करें तैयारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यदि आपने हाल-ही में कोई संपत्ति खरीदी है और उसका बैनामा कराने का विचार कर रहे हैं, तो ध्यान दें: प्रदेश में 8 नवंबर से 11 नवंबर तक संपत्ति के बैनामे नहीं होंगे।

इसके पीछे कारण यह है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग का ऑनलाइन पोर्टल – जिसे एनआईसी द्वारा संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर पर रखा गया था – उसे नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड पर स्थानांतरित किया जाना है। इस दौरान सर्वर में ठहराव, स्लो होना या अस्थायी ठप्पी की संभावना है।

विभागीय सूचना में बताया गया है कि इस अवधि के दौरान ऑनलाइन लेखपत्र-पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा और उप-निबंधक कार्यालयों में पंजीकरण सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

उप-निबंधक कार्यालयों में औसतन रोजाना लगभग 700 बैनामे होते हैं, इसलिए इस चार-दिन की सेवा ठहराव से आम लोगों को असुविधा हो सकती है।

#### क्या करें?

यदि आपने बैनामा कराना है, तो कोशिश करें कि 8 नवंबर से पहले या 11 नवंबर के बाद व्यवहार को पूरा करें। इस अवधि में कार्यालय बंद रहते हैं या प्रक्रिया नहीं चल रही होगी — इसलिए इस दौरान समय-व्यय अधिक होगा। दस्तावेज एवं प्रक्रियाओं को पहले से तैयार रखें ताकि बाद में समय न गँवाएँ। किसी सलाहकार, अधिवक्ता या रजिस्ट्री एजेंट से संपर्क करें और उनसे इस चार-दिन के अंतराल की जानकारी साझा करें ताकि वे आपकी सुविधा के अनुसार समय निकाल सकें।

## एसी विनिर्माण में वैश्विक अनुसंधान और विकास का केंद्र बनेगा नोएडा, होगा 1000 करोड़ का निवेश




**नोएडा करंट क्राइम।** औद्योगिक विकास का हब बन चुके नोएडा में अब एयर कंडीशनर (एसी) विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक अनुसंधान और विकास की नई शुरूआत होने जा रही है। कोरियन कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर-80 में अपना ग्लोबल एसी आर एंड डी सेंटर स्थापित करेगी।

कंपनी ने इसके लिए 21,329 वर्ग मीटर का प्लॉट फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में लिया है। यह परियोजना लगभग 1000 करोड़ रुपये के निवेश से पूरी होगी और इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस केंद्र की स्थापना से नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और अनुसंधान को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद मंगलवार को एलजी कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण की तत्परता और सहयोग के लिए सीईओ डॉ. लोकेश एम का आभार व्यक्त किया।


सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि प्राधिकरण इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत सेक्टर-164 को मोबाइल और सेमिकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है।

यहां के छह बड़े प्लॉट (5 से 8 हजार वर्ग मीटर) इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। प्राधिकरण जल्द ही इन प्लॉटों के लिए नई योजना भी लाएगा।

## नोएडा: कैलिब्रेशन फ्लाइट ने की एयरपोर्ट पर सफल लैंडिंग




**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट का दूसरा चरण मंगलवार को पूरा हुआ। इसकी रिपोर्ट डीजीसीए भेजने के बाद, डीजीसीए की ओर से एरोड्रम लाइसेंस को हरी झंडी मिलेगी। बता दें कि एएआई की कैलिब्रेशन फ्लाइट आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर रनवे-28 की ओर सफल लैंडिंग की। यह जांच रनवे के पश्चिमी छोर से की गई। शुक्रवार को कैलिब्रेशन रनवे के पूर्वी छोर यानी रनवे-10 और आईएलएस-20 से किया गया था। फ्लाइट मंगलवार सुबह लगभग 10 बजकर 26 मिनट पर लैंड हुई।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवा केवल मंचों से नहीं, संवेदनाओं से जीवित रहती है — इसका उदाहरण पेश किया है गाजियाबाद विधानसभा के विधायक संजीव शर्मा ने। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक भावनात्मक अपील साझा की है, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकर्ता हिमांशु सैनी की माता जी के लिए B Negative ब्लड डोनर की आवश्यकता जताई है और लोगों से मानवता के इस पुनीत कार्य में आगे आने का अनुरोध किया है। जनसेवा के भाव से जुड़ी ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## एनएच-9 पर निजी बस के अचानक ब्रेक लगाने से तीन कारों की भिड़ंत, सभी सवार बाल-बाल बचे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वेव सिटी क्षेत्र में एनएच-9 पर एक निजी बस के अचानक ब्रेक लगाने से तीन कारें आपस में टकरा गईं। हालांकि, इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य किया।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह आदित्य वर्ल्ड सिटी के पास एक निजी बस, जो डासना से गाजियाबाद की ओर आ रही थी, अचानक रुक गई। इसके बाद पीछे आ रही आई-10 कार बस से टकरा गई। आई-10 के बाद टाटा नेक्सॉन और स्विफ्ट कार भी आपस में टकरा गईं।

आई-10 कार नोएडा के शिवम चौधरी चला रहे थे। उनके पीछे टाटा नेक्सॉन में हापुड़ से दिल्ली जा रहे गुड्डू सवार थे, जबकि सबसे पीछे स्विफ्ट कार में दिल्ली निवासी रिसान खान मुरादाबाद से दिल्ली जा रहे थे। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ।

सहायक पुलिस आयुक्त, वेव सिटी, प्रियाश्री पाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा दिया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। इस घटना में किसी ने भी तहरीर नहीं दी और न ही किसी को कोई चोट आई।

## धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम खाटू का जन्मोत्सव, कई हस्तियों ने लगाई हाजिरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देव उठनी एकादशी पर बालाजी एवं खाटू श्यामजी मंदिर श्याम मार्ग के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाबा का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सायंकाल में श्याम बाबा के भव्य विशाल एवं संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। समाज सेवी सोनू पाठक एवं अनिल अग्रवाल सांवरिया जी एवं अनुज मित्तल ने श्याम बाबा की ज्योति प्रज्वलित की। कोलकाता से पधारी सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहिका पूर्वा मिश्रा एवं चंडीगढ़ से आए प्रसिद्ध भजन प्रवाहक सनी सिंह लखा। ने अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, भाजपा नगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी एवं शहर की मेयर सुनीता दयाल जी, अनिल अग्रवाल पूर्व राज्य सभा संसद ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं छप्पन भोग प्रसाद देकर सम्मानित किया गया।



# ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बनेगा आर्थिक-सामाजिक आपदा...

## ट्रंप का बड़ा बयान, कुओमो को दिया समर्थन



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव से ठीक पहले डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी पर करारा हमला बोला है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ममदानी चुनाव जीतते हैं, तो न्यूयॉर्क पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक तबाही का सामना करेगा। उन्होंने ह्यट्रुथ सोशलह्व पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर ममदानी मेयर बने तो वे फेडरल फंड्स की केवल न्यूनतम राशि ही न्यूयॉर्क सिटी को देंगे।

ट्रंप ने लिखा कि अगर कम्युनिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी मेयर बनते हैं, तो न्यूयॉर्क सिटी के पास सफलता या अस्तित्व का कोई मौका नहीं बचेगा। मैं इस शहर में अच्छा पैसा खराब नहीं फेंकना चाहता। ट्रंप ने आगे कहा अगर ममदानी जीतते हैं, तो न्यूयॉर्क सिटी एक पूर्ण आर्थिक और सामाजिक आपदा बन जाएगा।

**कुओमो को मिला ट्रंप का समर्थन:** ट्रंप ने पूर्व न्यूयॉर्क गवर्नर एंड्रयू क्युओमो को चुनाव में खुला समर्थन देते हुए कहा आप कुओमो को पसंद करें या नहीं, लेकिन आपके पास कोई विकल्प नहीं है।

ममदानी नहीं, बल्कि कुओमो को वोट देना ही शहर के हित में है। गौरतलब है कि जोहरान ममदानी, भारतीय मूल के हैं, जिनका जन्म युगांडा में हुआ और पालन-पोषण न्यूयॉर्क में हुआ। वे न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य और डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट उम्मीदवार हैं। ममदानी प्रसिद्ध भारतीय फिल्ममेकर मीरा नायर और युगांडाई-भारतीय लेखक महमूद ममदानी के बेटे हैं।

**ममदानी का वादा: न्यूयॉर्क में किराया फ्रीज और राहत योजनाएं**

ममदानी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि वे न्यूयॉर्क में बढ़ती महंगाई और किराये की समस्या को हल करेंगे। उन्होंने वादा किया कि मेयर बनने पर सभी स्थिर किरायेदारों के लिए किराया फ्रीज कर दिया जाएगा और सस्ते आवास के लिए संसाधनों को प्राथमिकता दी जाएगी। न्यूयॉर्क चुनाव आयोग के अनुसार इस बार 7.35 लाख से अधिक लोगों ने समयपूर्व मतदान किया है जो 2021 की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है।

मेयर चुनाव का मुख्य मतदान 4 नवंबर को हुआ और नए साल पर विजेता मेयर पद संभालेगा। विभिन्न पोल्स में जोहरान ममदानी को 47 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है और वे एंड्रयू कुओमो से 18 पॉइंट्स आगे हैं। तीसरे स्थान पर रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस सिल्वा हैं, जिन्हें 16 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है।

### 'ट्रंप को हमारी मुहिम से खतरा महसूस हो रहा है': जोहरान ममदानी



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए कहा है कि ट्रंप हमारी मुहिम से डरे हुए हैं। ममदानी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप हमारी मुहिम से इसलिए खतरा महसूस कर रहे हैं क्योंकि हमने न्यूयॉर्क के आम लोगों की परेशानियों की सच्चाई बताई है, जीवन-यापन की लागत, महंगाई और असमानता। फर्क बस इतना है कि हम उन समस्याओं को हल करने जा रहे हैं, जबकि ट्रंप केवल दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप करोड़ों डॉलर व्हाइट हाउस के बॉलरूम की सजावट में खर्च कर रहे हैं, जबकि उसी रकम से 1 लाख न्यूयॉर्कवासियों को फूड सहायता (रठअढ) मिल सकती थी। ट्रंप के बयानों पर पलटवार करते हुए ममदानी ने कहा यह पैसा ट्रंप का नहीं है, यह न्यूयॉर्क का हक है। हम हर न्यूयॉर्कवासी के अधिकार के लिए लड़ेंगे, चाहे व्हाइट हाउस में कोई भी बैठा हो। उन्होंने कहा कि ट्रंप और कुओमो दोनों ही अरबपतियों के हितों की राजनीति कर रहे हैं, जबकि उनका उद्देश्य आम लोगों के लिए राहत लाना है। इस बार मेयर पद के लिए मुकाबला जोहरान ममदानी, एंड्रयू कुओमो (स्वतंत्र उम्मीदवार) और कर्टिस स्लिवा (रिपब्लिकन) के बीच है।

## सूडान के विद्रोहियों ने भारतीय युवक का अपहरण किया, परेड कराई



**सूडान।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सूडान के कुछ उग्रवादी लड़ाके एक भारतीय युवक को घेरकर खड़े हैं और उससे नारे लगवा रहे हैं। दरअसल यह युवक ओडिशा का 36 वर्षीय आदर्श बेहरा है, जो जगतसिंहपुर जिले का निवासी बताया जा रहा है। आदर्श को सूडान में विद्रोही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के उग्रवादियों ने पकड़ लिया और उससे अपने नेता मोहम्मद हमदान दागालो के समर्थन में नारे लगवाए। इतना ही नहीं उग्रवादियों ने आदर्श से पूछा कि क्या वह शाहरुख खान को जानता है?

**साल 2022 से सूडान में काम कर रहा है आदर्श**

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श बेहरा सूडान के सुकाराती प्लास्टिक फैक्ट्री में साल 2022 से काम कर रहा है। आदर्श को सूडान के विद्रोही लड़ाकों ने अल फाशिर शहर से पकड़ा, जो राजधानी खार्तूम से करीब एक हजार किलोमीटर दूर है। सूडान गृहयुद्ध से जूझ रहा है, जहां सशस्त्र सेना बल और विद्रोही गुट आरएसएफ के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई छिड़ी हुई है। गृह युद्ध के चलते सूडान में अभी तक 1.3 करोड़ लोग विस्थापित हो चुके हैं और कई शहर और गांव तबाह हो चुके हैं।

**हजारों लोगों की गई जान**

सूडान की सरकार ने रविवार को कहा कि अल फाशिर शहर पर कब्जे के बाद से विद्रोही आरएसएफ के उग्रवादियों ने 2000 से ज्यादा नागरिकों की हत्या की है। कई पीड़िता के साथ यौन हिंसा भी की गई है। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया भर की मानवाधिकार एजेंसियों ने सूडान के हालात पर चिंता जताई है। सूडान में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है और देश का बड़ा हिस्सा अकाल के कगार पर है।

## हिमस्खलन के कारण दो गाइड सहित नौ पर्वतारोहियों की मौत



**नेपाल में दो अलग-अलग हिमस्खलनों में दो स्थानीय गाइड सहित नौ पर्वतारोहियों की मौत हो गई। वहीं, पांच घायलों को काठमांडू के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों को हेलिकॉप्टर से राजधानी तक पहुंचाया गया।**

**काठमांडू।** नेपाल में दो अलग-अलग हिमस्खलनों में नौ पर्वतारोहियों की मौत हो गई। इनमें दो गाइड भी शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उप-महानिरीक्षक ज्ञान कुमार महतो ने बताया, गौरीशंकर ग्रामीण नगरपालिका के पास माउंट यालुंग री (6,920 मीटर) पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे हिमस्खलन में सात पर्वतारोही उस समय दब गए, जबकि वे इस चोटि को चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सातों पर्वतारोहियों के शव निकालने के लिए एक संयुक्त बचाव मिशन शुरू किया गया है।

मृतकों में दो नेपाली नागरिक, दो इतालवी पर्वतारोही पाओलो कोको और मार्को डी माकेली, एक कनाडाई, एक फ्रांसीसी और एक जर्मन नागरिक शामिल हैं।

इसके अलावा पांच अन्य लोग (तीन नेपाली और दो फ्रांसीसी) घायल हुए और उन्हें हेलिकॉप्टर से काठमांडू के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। हिमस्खलन स्थल से चार और पर्वतारोही भी बचा लिए गए, जिन्हें मामूली चोटें आई थीं।

**तंबू के अंदर मृत पाए गए दो इतालवी पर्वतारोही**

एक अलग घटना में दो इतालवी पर्वतारोही स्टीफानो फरोर्नाटो और एलेस्सांद्रो कपुटो माउंट पंबारी (6,887 मीटर) के शिविर-क में अपने तंबू के अंदर मृत पाए गए। दोनों 28 अक्तूबर से भारी बर्फबारी के बाद लापता थे। पुलिस ने बताया कि उनके शव मंगलवार को 5,242 मीटर की ऊंचाई से बरामद किए गए। उनके साथ फंसे एक अन्य इतालवी पर्वतारोही वेल्टर पारालियन को रविवार को बचा लिया गया।

**नेपाल पर्यटन बोर्ड ने जारी किया शोक संदेश**

इस बीच, नेपाल पर्यटन बोर्ड ने नेपाल की हिमालय में पर्वतारोहियों के निधन पर शोक संदेश जारी किया। पर्यटन बोर्ड ने अपने संदेश में कहा, हिमस्खलन की इस दुखद घटना पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यालुंग री पर्वत पर सातों पीड़ितों के परिवार और मित्रों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं।

## पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ानें ठप



**करांची।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस में विमान इंजीनियरों की अचानक शुरू हुई अनौपचारिक हड़ताल से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह की उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। यह हड़ताल सोमवार रात से शुरू हुई, जिसके बाद अब तक कम से कम आठ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। एयरलाइंस ने अब अन्य कंपनियों से मदद मांगी है ताकि उनके विमान इंजीनियर अस्थायी रूप से सेवा दे सकें और उड़ानें फिर से शुरू की जा सकें। इंजीनियरों के सुरक्षा मंजूरी जारी करने से इनकार करने के कारण कराची, लाहौर और रावलपिंडी हवाई अड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मिले आठ प्राचीन स्थल



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुरातत्व विभाग और इटली के पुरातत्वविदों की संयुक्त टीम ने खुदाई के दौरान आठ नए प्राचीन स्थलों की खोज की है। ये स्थल स्वात से लेकर तक्सिला तक फैले हुए हैं। खोज में सबसे महत्वपूर्ण स्थल स्वात के बारिकोट क्षेत्र में मिला है, जहां लगभग 1200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। यह खोज इस क्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत की निरंतरता को दर्शाती है। यह परियोजना 1 जून से शुरू हुई है और इसका उद्देश्य क्षेत्रीय विकास, पर्यटन को बढ़ावा देना और पुरातत्व विशेषज्ञों की क्षमता बढ़ाना है।

## कनाडा में कम हो रहे भारतीय छात्रों के वीजा आवेदन और उनकी स्वीकृति, सख्ती या कुछ और वजह?





**ओटावा।** कनाडा सरकार की तरफ से हाल ही में अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा पर लगाई गई पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जो कनाडा पहले भारतीय छात्रों की पहली पसंद हुआ करता था, अब वहां आवेदन और स्वीकृति दोनों में भारी गिरावट देखी जा रही है।


न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कनाडा ने अस्थायी प्रवास पर लगाम लगाने और छात्र वीजा में हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए 2025 की शुरूआत में लगातार दूसरे साल पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले परमिट की संख्या घटाई है। अगस्त 2025 में भारतीय छात्रों के करीब 74 प्रतिशत वीजा आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह दर लगभग 32 प्रतिशत थी। यानी पहले जहां हर तीन वीजा आवेदनों में से एक खारिज हो रहा था, तो वहीं अब हर चार आवेदनों में से तीन खारिज किए जा रहे हैं।

कुल मिलाकर देखा जाए तो सभी देशों के लगभग 40 प्रतिशत अध्ययन वीजा आवेदन खारिज किए गए, जबकि चीन के छात्रों के लिए यह दर 24 प्रतिशत रही। भारतीय आवेदकों की कुल संख्या भी अगस्त 2023 के 20,900 से घटकर अगस्त 2025 में केवल 4,515 रह गई। यानी लगभग पांच गुना की गिरावट।

**भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा का अहम केंद्र रहा है कनाडा**

पिछले 10 वर्षों से ज्यादा समय तक कनाडा भारतीय छात्रों का सबसे बड़ा गंतव्य रहा है, लेकिन अब कनाडा में भारतीय छात्रों की संख्या में कमी आनी शुरू हो गई। यह स्थिति दोनों देशों के बीच 2023 में उस समय उपजे कूटनीतिक तनाव के बाद और बिगड़ी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या में शामिल का आरोप लगाया था।

## रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने की चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को बीजिंग में रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात की। यह जानकारी दोनों देशों के सरकारी मीडिया ने दी है। मिशुस्तिन दो दिन के चीन दौरे पर हैं। उन्होंने बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में द्विपक्षीय बैठक की। रूसी प्रधानमंत्री के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है, जिसमें उप प्रधानमंत्री तात्याना गोलिकोवा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। वे सोमवार को हांगझोउ पहुंचे थे। चीन की ओर से इस बैठक में विदेश मंत्री वांग यी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शटडाउन से हवाई यात्रा ठप, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर काम छोड़ रहे



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में सरकारी शटडाउन के चलते हवाई यात्रा पर गंभीर असर पड़ा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और ळरअ कर्मचारी बिना वेतन काम कर रहे हैं, जिससे उड़ानों में भारी देरी और सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका में सरकारी शटडाउन के 34 दिन पूरे हो चुके हैं और इसका असर अब देश के हवाई यातायात पर गहराई से दिखने लगा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और ळरअ कर्मी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, कई कर्मचारी काम पर नहीं लौट रहे, जिससे देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं ताकि घर का खर्च चला सकें। इस कारण हवाई अड्डों पर लंबी कतारें और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है।

**हर दिन पहले से कम सुरक्षित हो रहा सिस्टम: यूनियन प्रमुख**

नेशनल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निक डेनियल्स ने बताया कि लंबे शटडाउन से कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा हर गुजरते दिन के साथ हवाई प्रणाली पहले से कम सुरक्षित हो रही है। हमसे उम्मीद की जाती है कि हम 100% फोकस के साथ काम करें, लेकिन जब दिमाग में किराए और बिलों की चिंता हो, तो यह संभव नहीं।

**परिवहन मंत्री बोले- सुरक्षा के लिए धीमी उड़ानें जरूरी**

अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि उड़ानों में देरी एक सुरक्षा उपाय है। उन्होंने कहा स्टाफ की कमी से सिस्टम में जोखिम बढ़ा है। अगर हालात असुरक्षित हुए तो हम पूरा एयरस्पेस बंद कर देंगे। फिलहाल हम देरी झेल रहे हैं, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे।

### सुरक्षा नहीं, पर भरोसे की कमी बढ़ी: ट्रैवल एसोसिएशन

यूएस ट्रैवल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एरिक हैनसेन ने कहा हम सुरक्षा से समझौता नहीं कर रहे, लेकिन अब यात्रियों के लिए उड़ानों की पूर्वानुमेयता खत्म हो गई है। लोग तय समय पर कहीं नहीं पहुंच पा रहे। यूनियन प्रमुख निक डेनियल्स ने कांग्रेस और प्रशासन से अपील की हमारा संदेश साफ है- सरकार को तुरंत खोला जाए। अब और इंतजार नहीं किया जा सकता।

### प्रमुख हवाई अड्डों पर हालात बिगड़े

शिकागो, डेनवर, ह्यूस्टन और नेवार्क जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानों में व्यापक देरी हो रही है। ह्यूस्टन के बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट ने यात्रियों को चेतावनी दी है कि ळरअ जांच में तीन घंटे तक लग सकते हैं। ङ2 सिक्योरिटी स्क्रीनिंग ग्रुप के उपाध्यक्ष कीथ जेफ्रीज ने बताया कि ळरअ कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ रही है क्योंकि कई कर्मी अब निजी जरूरतों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, एंब्री-रिडल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइक मैककॉर्मिक ने कहा कंट्रोलर यह समझ रहे हैं कि अगर वे 100% फोकस में नहीं हैं, तो काम पर न जाना ही बेहतर है। यही फैसला फिलहाल सिस्टम को सुरक्षित रखे हुए है।

## चुनाव से पहले सियासत तेज, जमात-ए-इस्लामी ने पिछली गलतियों के लिए देशवासियों से मांगी माफी





**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के अमीर शफीकुर रहमान ने अपनी पार्टी की 'पुरानी गलतियों' के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। जेईआई चीफ शफीकुर रहमान ने 22 अक्तूबर को न्यूयॉर्क में पत्रकारों से कहा, '1947 से अब तक, जिन-जिन लोगों को हमारी वजह से कोई कष्ट या नुकसान हुआ, हम उनसे दिल से माफी मांगते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि यह माफी सभी के लिए है, 'किसी एक दिन या घटना के लिए नहीं, बल्कि हर उस समय के लिए जब किसी को हमारी वजह से पीड़ा मिली।'

**आलोचकों ने कहा- माफी अधूरी और अस्पष्ट:** वहीं शफीकुर रहमान के इस माफीनामे की कुछ लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं, आलोचकों का कहना है कि यह माफी अधूरी और अस्पष्ट है। खासतौर पर 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान किए गए अपराधों और नरसंहारों का कोई सीधा उल्लेख नहीं है।

**हसीना सरकार के पतन के बाद जमात पर से हटा प्रतिबंध:** विशेषज्ञों का मानना है कि यह माफी पार्टी की राजनीतिक वापसी की कोशिश का हिस्सा है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जमात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया था। इसके बाद से पार्टी फिर सक्रिय हो गई है, छात्र संघ चुनावों में हिस्सा ले रही है और दूसरे इस्लामी दलों के साथ गठजोड़ बना रही है।

### 1971 - जमात का काला अध्याय

बता दें कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जमात-ए-इस्लामी ने पाकिस्तान के साथ मिलकर काम किया था। उस समय 'अल-बदर', 'अल-शम्स' और 'रजाकार' नाम के अर्धसैनिक संगठन बने, जिन पर स्वतंत्रता सेनानियों, महिलाओं और आम नागरिकों की हत्या के गंभीर आरोप हैं। जेईआई चीफ ने माफी मांगने के बाद कहा कि पार्टी पहले भी कई बार माफी मांग चुकी है।

**शफीकुर रहमान ने किया पार्टी का बचाव:** वहीं आलोचनाओं पर जवाब देते हुए रहमान ने कहा, 'किसी ने कहा कि माफी का तरीका ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैंने बिना किसी शर्त के माफी मांगी है, इससे आगे क्या कहा जा सकता है?' उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई पार्टी यह दावा करे कि उसने कभी गलती नहीं की, तो जनता उसे स्वीकार नहीं करेगी।

## अमेरिकी अदालतों ने रोकी भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया, 43 साल बाद साबित हुआ निर्दोष

**अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की निर्वासन प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। वेदम ने 43 साल जेल में बिताए, बाद में साबित हुआ कि वह निर्दोष थे।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के उस व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे एक हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की हत्या की सजा को इसी साल अदालत ने रद्द कर दिया था। वेदम जब सिर्फ 9 महीने के थे, तब अपने माता-पिता के साथ कानूनी रूप से अमेरिका पहुंचे थे। उनके पिता पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे।

**अदालत का फैसला**

अमेरिकी इमिग्रेशन जज ने गुरुवार को आदेश दिया कि जब तक बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स उनका केस नहीं देखता, तब तक वेदम को निर्वासित नहीं किया जाएगा। उनके वकीलों ने पेनसिल्वेनिया की जिला अदालत से भी राहत पाई, जिससे मामला फिलहाल स्थगित हो गया है।

**43 साल पुरानी त्रासदी**

वेदम को 1980 में अपने दोस्त थॉमस किंसर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गवाहों और सबूतों के अभाव में भी उन्हें दो बार दोषी ठहराया गया। लेकिन अगस्त 2024 में अदालत ने नई बैलिस्टिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सजा रद्द कर दी। 3 अक्तूबर को जेल से रिहाई के बाद, उन्हें सीधा इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। फिलहाल वे लुइसियाना के एलेक्जेंड्रिया डिटेंशन सेंटर में रखे गए हैं, जो निर्वासन के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**क्यों करना चाहती है ICE निर्वासन**

यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट वेदम को एक पुराने मामले के चलते निर्वासित करना चाहती है। करीब 20 साल की उम्र में उन्होंने LSD ड्रग केस में 'नो कॉन्टेस्ट' प्लिया दी थी।

वेदम के वकील कहते हैं कि उन्होंने 43 साल जेल में निर्दोष रहते हुए बिताए, जहां उन्होंने शिक्षा हासिल की और कैदियों को पढ़ाया भी इसलिए उनका पुराना मामला अब महत्वहीन है। लेकिन अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग का कहना है कि हत्या का केस रद्द होने से ड्रग केस की सजा खत्म नहीं होती।

**परिवार की राहत**

वेदम की बहन सरस्वती वेदम ने कहा हम आभारी हैं कि दो अलग-अलग अदालतों ने माना कि सुबु का निर्वासन अनुचित है। वह पहले ही 43 साल की सजा भुगत चुके हैं एक ऐसे अपराध के लिए, जो उन्होंने किया ही नहीं। अब उन्हें दोबारा अन्याय का

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व पर लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन मंगलवार को एचएलएम इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। यह पुस्तक स्वर्गीय विजय सेखरी के पुत्र तथा वरिष्ठ पत्रकार कमल सेखरी ने लिखी है। मंगलवार को स्वर्गीय विजय सेखरी की जयंती पर इस पुस्तक का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह में स्वर्गीय विजय सेखरी के व्यक्तित्व, उनकी पत्रकारिता तथा उनके जीवन से जुड़े संस्मरणों को वक्ताओं ने साझा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन दैनिक युग करवट के प्रधान संपादक सलामत मियां ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वर्गीय विजय सेखरी के पौत्र सामंत सेखरी ने किया। सभी ने हिंट समुह के संस्थापक स्वर्गीय विजय सेखरी की पत्रकारिता शैली और उनके जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाये। इस अवसर पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, राकेश छारिया, सरदार एस पी सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, पूर्व विधायक केके शर्मा, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, कुनाल त्यागी, राकेश मिश्रा, घनश्याम उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# यूपी समेत 12 राज्यों में एसआईआर अभियान शुरू घर-घर आकर बीएलओ फार्म भरवाएंगे

## शहरी और प्रवासी मतदाता ऑनलाइन पोर्टल के जरिए भी आवेदन कर सकेंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर अभियान शुरू हो गया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है। चुनाव आयोग ने 2026 और 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए देश के 12 राज्यों में एसआई आर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। वहीं, पश्चिम बंगाल की सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस ने इस अभियान का विरोध किया है। राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी ने आज दोपहर को एसआईआर के विरोध में एक मार्च निकालने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाएंगे। यह प्रक्रिया 7 फरवरी 2026 को समाप्त होगी। उत्तर प्रदेश में अभियान में 51 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जाएगा। फॉर्म में व्यक्तिगत जानकारी, पता, फोटो आदि भरनी होगी।






बिहार के बाद यह एसआईआर का दूसरा बड़ा चरण है, जहां सुप्रीम कोर्ट में भी इसकी वैधता पर सुनवाई चल रही है। चुनाव आयोग के अनुसार, यह अभियान लगभग 51 करोड़ मतदाताओं को कवर करेगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब 15 करोड़ मतदाता शामिल हैं। इसके तहत बीएलओ हर घर में कम से कम तीन बार जाएंगे, ताकि कोई मतदाता छूट न जाए। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी ने मौजूदा मतदाताओं के लिए पूर्व-भरे हुए गणना फॉर्म छापे हैं, जो बीएलओ आज से वितरित करेंगे।

एसआईआर का यह चरण चार मुख्य स्टेज में होगा। जिसके तहत बीएलओ हर मतदान केंद्र के लगभग 1,000 मतदाताओं के घर जाएंगे। वे पूर्व-भरा हुआ फॉर्म देंगे, जिसमें नाम, फोन नंबर, पता, विधानसभा क्षेत्र, पार्ट नंबर, सीरियल नंबर और मौजूदा फोटो पहले से अंकित होगा। यदि बीएलओ न आएं, तो मतदाता 1950 हेल्पलाइन पर संपर्क कर अपना फॉर्म मंगवा सकते हैं। सभी फॉर्म जमा होने के बाद ईआरओ और सहायक ईआरओ सत्यापन करेंगे। ड्राफ्ट सूची में केवल वे नाम शामिल होंगे, जिन्होंने फॉर्म भरा। जिनका नाम न हो, उनके लिए पंचायत भवन या स्थानीय निकाय कार्यालय पर सूची चस्पा की जाएगी, जिसमें नाम न आने का कारण भी बताया जाएगा। मतदाता फॉर्म 7 (नाम हटाने), फॉर्म 8 (सुधार) या फॉर्म 6 (नया पंजीकरण) भरकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। शहरी और प्रवासी मतदाता ऑनलाइन पोर्टल के जरिए भी आवेदन कर सकेंगे। राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट प्रतिदिन 50 फॉर्म तक को जमा कर सकेंगे। सभी दावों-आपत्तियों के निपटारे के बाद फाइनल सूची जारी होगी, जो 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों का आधार बनेगी।

# कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी का बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया, 8 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना नंदग्राम और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने सोनभद्र पुलिस की सूचना पर एक सयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी करने वाले गैंग के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 12 टायरा, 2 ट्रक, 2 आयशर कैंटर, 1 क्रेटा कार और कुल 1,57,350 शीशियाँ Eskuf और Phensedyl कफ सिरप बरामद हुई हैं। इसके अलावा पुलिस ने 20 लाख रुपये, 2 लैपटॉप, 10 मोबाइल, फर्जी सिम और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए हैं।



गाजियाबाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिल्ली और गाजियाबाद से कफ सिरप की सप्लाई कर रहे थे। मेरठ रोड पर स्थित मछली गोदाम परिसर में बरेली-गोरखपुर ट्रांसपोर्ट के गोदाम से कुल 1150 पेटी कफ सिरप बरामद की गई, जिनमें 850 पेटी Eskuf और 300 पेटी Phensedyl शामिल हैं। प्रत्येक पेटी में 100 मिलीलीटर की शीशी थी, जिससे कुल 15,73,500 लीटर कफ सिरप बरामद हुआ।

कफ सिरप में कोडीन होता है, जो मादक द्रव्य की श्रेणी में आता है। आरोपियों के पास इसके लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। बरामद माल का कुल मूल्य लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपये बताया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी :** सौरव त्यागी (मुख्य आरोपी), शादाब, शिवकांत उर्फ शिव, संतोष भडाना, अम्बुज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दीपू यादव और सुशील यादव। सौरव त्यागी द्वारा पूछताछ में पुलिस को बताया गया कि भारत और बांग्लादेश में कफ सिरप का दुरुपयोग किया जाता है और ठउफक्षेत्र में इसे एकत्रित कर बांग्लादेश भेजा जाता था।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने बताया कि सौरव त्यागी के पास फ्र फार्मा फर्म का लाइसेंस था और उसने फर्जी फार्मा कंपनियों के माध्यम से कफ सिरप खरीदकर गोदामों में स्टोर कराया। इसके बाद ट्रकों में छिपाकर झारखंड, बंगाल, असम और अन्य राज्यों में भेजा जाता था। गिरफ्तार शादाब और शिवकांत मुख्य रूप से ट्रक लोडिंग और रिकॉर्ड बनाए रखने में शामिल थे।

इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने कफ सिरप तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# बीएलओ को सौंपे गए गणना प्रपत्र

## सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. उपाध्याय ने किया वितरण का शुभारंभ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय द्वारा ब्लॉक लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के अद्यतन हेतु संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण करेंगे और पात्र नागरिकों से आवश्यक विवरण प्राप्त करेंगे।



डॉ. उपाध्याय ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करें तथा पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन की कार्यवाही का फोटो एवं वीडियो प्रमाण जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए, साथ ही जनसामान्य को जागरूक करने हेतु संबंधित जानकारी सोशल मीडिया एवं प्रेस के माध्यम से साझा की जाए।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाएगा।

# सेक्टर-12 में फिर चोरी, घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में चोरों की नजर लोगों के घरों पर लग गई है। यहां आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। चोरी का एक और नया मामला सामने आया है।

थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखी हुई करीब 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के जेवरात आदि चोरी कर लिया। चोर चोरी करते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इसके आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।



थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि भानु प्रकाश पुत्र किशन चंद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-12 में रहते हैं।

पीड़ित के अनुसार वह अपने घर का ताला बंद करके ऑफिस गए थे। जब वह वापस लौट कर आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखी हुई 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार चोर उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों ने तोड़े बैरिकेड, प्राधिकरण दफ्तर में घुसने का किया प्रयास, पुलिस से हुई झड़प

**नोएडा ।** नोएडा के 81 गांवों के किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को उग्र हो गया। प्राधिकरण अधिकारियों से कोई ठोस जवाब न मिलने पर आक्रोशित किसानों ने बैरिकेड तोड़कर प्राधिकरण के दफ्तर के भीतर घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद उनकी पुलिस बल के साथ तीखी झड़प हुई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

### महापंचायत के बाद बढ़ी सुरक्षा

भारतीय किसान यूनियन मंच के बैनर तले 81 गांवों के किसानों का यह धरना-प्रदर्शन लंबे समय से जारी है। सोमवार को किसानों ने यहाँ महापंचायत बुलाई थी। किसानों की बढ़ती भीड़ और महापंचायत को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा नोएडा प्राधिकरण के आसपास सुरक्षा संबंधी कड़े इंतजाम किए गए थे और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।



जब महापंचायत के बाद किसानों को प्राधिकरण अधिकारियों से उनकी समस्या से संबंधित कोई ठोस जवाब या आश्वासन नहीं मिला, तो उनका गुस्सा भड़क उठा। किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिए और प्राधिकरण के दफ्तर में जबरन प्रवेश करने की कोशिश की।

### पुलिस और किसानों के बीच धक्का-मुक्की

पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने और किसानों को दफ्तर में घुसने से रोकने का प्रयास किया, जिससे किसानों और पुलिस के बीच तीखी धक्का-मुक्की हुई। इस घटना के बाद नोएडा प्राधिकरण के बाहर की स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण बनी हुई है।

### ये हैं किसानों की मुख्य मांगें

किसान मुख्य रूप से मुआवजा, प्लॉट आवंटन, और आबादी निस्तारण को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण उनकी इन वर्षों पुरानी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।